● जयपुर, सोमवार 16 दिसंबर 24 ● वर्ष 14 ● अंक 118 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझुनूं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार
"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर 'राज्य स्तरीय विकास प्रदर्शनी' का आयोजन...
पेज @4 प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दोगुनी करने के लक्ष्य पर हो रहा है तेजी से कार्य ....
पेज @8 देसूरी की नाल में रुकेगा हादसों का सिलसिला...

अंत्योदय का सिद्धांत राज्य सरकार के विकास कार्यों की प्रेरणा

आने वाले चार साल में पूरा करेंगे हर वादा

# राज्य सरकार की प्रथम वर्षगांठ पर अंत्योदय सेवा शिविर एवं विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का हुआ भव्य आयोजन

## हमारी सरकार ने एक वर्ष में प्रदेश के विकास को नई दिशा दी: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

## मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी विभिन्न योजनाओं की सौगात

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 15 दिसंबर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार के कार्यकाल का पहला वर्ष उपलब्धियों भरा रहा है। हमारी सरकार ने पहले साल में ही प्रदेशवासियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सफलता पाई है और आने वाले चार वर्षों में हम प्रदेशवासियों से आपणो अग्रणी राजस्थान संकल्प पत्र में किए गए हर वादे को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार हर साल अपने काम का हिसाब भी आमजन के बीच रखेगी। शर्मा रविवार को जयपुर की पिंजरापोल गौशाला में आयोजित अंत्योदय सेवा शिविर समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक साल पहले हमारी सरकार ने राजस्थान की जनता की सेवा करने की शपथ ली थी। जब हमने यह शपथ ली उससे पहले प्रदेश में महिलाओं के लिए असुरक्षा का माहौल था, युवा पेपरलीक की मार झेल रहे थे, जल जीवन मिशन का कार्य ठप्प पड़ा था और गरीब भ्रष्टाचार और शोषण के दलदल में फंसा था। उन्होंने कहा कि हमने पिछले एक साल में प्रदेश की जनता को इन समस्याओं से बाहर निकालने के लिए सार्थक प्रयास किए हैं। युवाओं को रोजगार दिया, महिलाओं के लिए सुरक्षा सुनिश्चित की, किसानों को संबल दिया और गरीब को सामाजिक न्याय देकर सशक्त करने का काम किया। इस एक वर्ष में हमारी सरकार ने प्रदेश के विकास को एक नई दिशा देने का प्रयास किया है।उन्होंने इस अवसर पर कहा कि यह शिविर केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि अंत्योदय की दिशा में हमारे दृढ़ संकल्प और समाज के जरूरतमंद वर्गों को संबल देने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अंत्योदय का सिद्धांत पं. दीनदयाल उपाध्याय द्वारा दिया गया जो हमारी सरकार के विकास कार्यों की प्रेरणा हैं।








### एक वर्ष में साढ़े पांच लाख से अधिक नए पेंशनर्स को जोड़ा

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लगभग 90 लाख लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन दी जा रही है। हमारी सरकार ने एक वर्ष के कार्यकाल में साढ़े पांच लाख से अधिक नए पेंशनर्स को जोड़ा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन की न्यूनतम पेंशन राशि में बढ़ोत्तरी की है। अब 75 वर्ष से कम उम्र के सभी पेंशनर्स को 1,150 रुपए प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है। पालनहार योजना के तहत विभिन्न श्रेणी के बच्चों को 750 रुपये से लेकर 2 हजार 500 रुपये तक की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 32 हजार से अधिक नए पालनहारों को योजना से जोड़कर लाभान्वित किया है।

### मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना का हुआ शुभारंभ

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 'मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना' का रिमोट से शुभारंभ किया। इसके तहत राज्य के शहरी क्षेत्रों में जरूरतमंद एवं असहाय परिवार के असंगठित श्रमिकों के साथ भवन निर्माण श्रमिक, हस्तशिल्प श्रमिक, गिग वर्कर, ट्रांसपोर्ट वर्कर, केयर वर्कर, सफाई श्रमिक, घरेलू श्रमिक आदि को विशेष अल्पावधि ऋण उपलब्ध करवाकर आर्थिक संबल दिया जाएगा। इस योजना में लाभार्थी को बैंक द्वारा बिना किसी गारंटी अथवा प्रक्रिया शुल्क के 80 हजार तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत 2 लाभार्थियों को 50-50 हजार रुपये की ऋण राशि के चैक प्रदान किए। प्रदेशभर में आज 11 हजार 1 स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण वितरित किया गया। मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल संबल योजना की शुरूआत शर्मा ने मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल संबल योजना का शुभारंभ भी किया। इस योजना में दुर्लभ बीमारी से पीड़ित 18 वर्ष तक के बच्चों को 50 लाख रुपए तक का उपचार उपलब्ध कराया जाएगा और उनकी देखभाल के लिए 5 हजार रुपए प्रतिमाह आर्थिक सहायता दी जाएगी। पहले चरण में जेके लोन अस्पताल और एम्स जोधपुर को इस योजना में इलाज के लिए अधिकृत किया गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने इस योजना के पोर्टल का अनावरण भी किया।

### 2 हजार दिव्यांगजन को स्कूटी की सौगात

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विशेष योग्यजन के हित में भी निरंतर योजनाएं संचालित कर रही है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 'मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना' के तहत दिव्यांगजन को स्कूटी की सौगात भी दी। प्रदेशभर में 2 हजार दिव्यांगजन को स्कूटी प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने सीईएसएल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी पहल के तहत महिला लाभार्थियों को कार्गो इलेक्ट्रिक साइकिल भी प्रदान की। उन्होंने दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग, व्हीलचेयर व उपकरण वितरित किए। प्रदेशभर में 14 हजार दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग एवं उपकरण प्रदान किए।प्रदेश में युवा, किसान, महिला, गरीब सहित हर वर्ग का किया सशक्तीकरण—मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने प्रदेश को आर्थिक तौर पर सशक्त करने का काम किया है। इसी के तहत हमने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के माध्यम से 35 लाख करोड़ से अधिक के निवेश एमओयू करने में सफलता प्राप्त की है। राज्य सरकार ने किसानों के लिए किसान सम्मान निधि के लगभग 5 हजार 600 करोड़ रुपये का हस्तांतरण, पशुपालकों के लिए मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना की शुरुआत, महिलाओं को 450 रुपये में गैस सिलेंडर, बेटियों को लाडो प्रोत्साहन योजना के माध्यम से सशक्त बनाने का काम किया है सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार के एक वर्ष के स्वर्णिम कार्यकाल में कोई भी वर्ग सौगातों से अछूता नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दूरदर्शी एवं कुशल नेतृत्व में प्रदेश हर क्षेत्र में प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

### जन्मदिवस पर मुख्यमंत्री का उत्साहपूर्ण स्वागत

सांगानेर स्थित पिंजरापोल गौशाला पहुंचने पर मुख्यमंत्री को आमजन ने पुष्प एवं बुके भेंट कर उत्साहपूर्वक उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। समारोह स्थल पर दिव्यांग कलाकारों ने हैप्पी बर्थडे की धुन बजाकर मुख्यमंत्री का भावपूर्ण स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने गौशाला परिसर में आयोजित किए गए हवन में आहुति देकर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने गौशाला परिसर में गुड़-रोटी खिलाकर गौ पूजन किया। रास्ते में भी जगह-जगह लोगों ने मुख्यमंत्री को मालाएं पहनाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले युवाओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।समारोह में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा, सांसद मदन राठौड़, मंजू शर्मा, विधायक महेन्द्रपाल मीणा, रामवतार बैरवा, हमीर सिंह भायल, शत्रुघ्न गौतम, महापौर जयपुर नगर निगम ग्रेटर डॉ. सौम्या गुर्जर, महापौर जयपुर नगर निगम हैरिटेज कुसुम यादव, जिला प्रमुख रमा चौपड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता कुलदीप रांका सहित जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ अधिकारीगण, बड़ी संख्या में लाभार्थी तथा आमजन उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना का शुभारंभ

मुख्यमंत्री ने आज मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना की भी शुरूआत की। इसके तहत लाभार्थी अंशदाताओं को मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन के अतिरिक्त 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 3 हजार रुपये मासिक पेंशन दी जाएगी।

### जरूरतमंदों की मदद के लिए बनेंगे मुख्यमंत्री सद्भावना केन्द्र

उन्होंने मुख्यमंत्री सद्भावना केन्द्रों की स्थापना के कार्यों का भी आज से शुभारंभ किया। इन केन्द्रों पर नागरिक, संस्थान, वाणिज्यिक उद्यम आदि पहले उपयोग हो चुकी वस्तुएं जैसे कपड़े, जूते, किताबें, खिलौने, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक सामान आदि जमा कर सकेंगे। जरूरतमंद व्यक्ति इन केंद्रों से अपनी आवश्यकतानुसार वांछित सामान प्राप्त कर सकेंगे।

### 31 जनवरी, 2025 तक लगेंगे आयुष्मान आरोग्य शिविर

शर्मा ने कहा कि प्रदेशभर में आज से प्रारंभ कर 31 जनवरी, 2025 तक मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश के समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 813 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा 50 जिला चिकित्सालयों में 3 चरणों में ये शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने इस अवसर पर आयुष्मान आरोग्य शिविर की बुकलेट का भी विमोचन किया।

### लाभार्थियों को सहायता राशि का प्रत्यक्ष हस्तांतरण

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 2 लाख 15 हजार पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के खातों में विभिन्न योजनाओं की 247.76 करोड़ रुपए की राशि का प्रत्यक्ष हस्तांतरण भी किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 2 महिलाओं को 30-30 हजार रुपये के प्रतीकात्मक चैक भेंट कर 5,001 परिवारों को आवास निर्माण के लिए प्रथम किस्त जारी की। इस योजना में 20 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की गई।

विवाहोत्सव का सेवायज्ञ नि:स्वार्थ सेवा का उत्तम उदाहरण

## सूरत में सवाणी बने 5274 परिवारों के पालक पिता

सूरत । एजेंसी

गुजरात में सूरत के पी. पी. सवाणी परिवार का 'पियरियुं' (मायका) नाम से 16वें वर्ष में भावपूर्ण विवाहोत्सव शनिवार को आयोजित हुआ। महेश भाई सवाणी अब तक कुल 5274 परिवारों के पालक पिता बन गए हैं। एक ही समय में एक ही कार्यक्रम में सामाजिक संदेश के साथ तुलसी के 50,000 पौधे वितरित करने का नया रिकॉर्ड, विवाह समारोह में 370 फीट लंबा तोरण (वंदनवार) तथा चरणबद्ध ढंग से 5274 बेटियों का विवाह, इन तीन रिकॉर्ड के लिए गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड की टीम ने उपस्थित रहकर सर्टिफिकेट प्रदान किया। सवाणी परिवार द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पी. पी. सवाणी चैतन्य विद्या संकुल, अब्रामा में 'पियरियुं' नाम से पिता की छत्रछाया खो चुकी 111 बेटियों का आज अनूठा एवं भावपूर्ण विवाह समारोह



- **तुलसी के 50,000 पौधे वितरित करने का नया रिकॉर्ड, विवाह समारोह में 370 फीट लंबा तोरण व चरणबद्ध ढंग से 5274 बेटियों का कराया विवाह**
- **इन तीन रिकॉर्ड के लिए गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड की टीम ने दिया सर्टिफिकेट**

### विवाह के बाद भी बेटियों का सगे पिता की भांति आजीवन रखते हैं ध्यान

पटेल ने कहा कि पितविहीन बेटियों के विवाह के इस विशिष्ट कार्य में अनूठी संवेदनशीलता की प्रतीत होती है। उन्होंने पिछले 16 वर्षों में विवाहित हुई पितविहीन बेटियों को पिता की कमी न खले, पिता की कमी न खटके; ऐसी सुश्रुषा एवं जिम्मेदारी तथा विवाह के बाद भी महेशभाई को बेटियों का सगे पिता की भांति आजीवन ध्यान रखने का ईश्वरीय कार्य करने के लिए अभिनंदन दिया।

आयोजित हुआ। राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इस भव्य विवाहोत्सव में सहभागी होकर कन्यादान किया तथा 'पियरियुं' छोड़कर ससुराल विदा हो रही पितविहीन बेटियों को दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं तथा आशीर्वचन दिए। इस विवाहोत्सव में रामकथा मर्मज्ञ पू. मोरारी बापू, वन एवं पर्यावरण मंत्री मुलुभाई बेरा, शिक्षा राज्य मंत्री प्रफुलभाई पानशेरिया, गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी, विधानसभा के उप मुख्य सचेतक कौशिकभाई वेकरिया सहित महानुभावों की प्रेरक उपस्थिति रही। विवाह समारोह की शीतल संध्या ढोल, शहनाई एवं संगीत के सुरों के साथ प्राचीन विवाह गीतों का सुरीला संगम सृजित हुआ। सवाणी परिवार के आंगन से पितविहीन 111 बेटियों को भावपूर्ण विदाई दी गई। राजनीतिक महानुभावों, अधिकारियों एवं सामाजिक अग्रणियों के करकमलों से कन्यादान किया गया। पटेल ने सवाणी परिवार की सेवा भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि पिछले 16 वर्षों से बेटियों का विवाह करके ही नहीं, बल्कि पिता के रूप में सभी जिम्मेदारियां निभाते हुए महेशभाई सवाणी इस वर्ष 5274 बेटियों के पिता बन गए हैं। वर्ष 2011 से निरंतर प्रज्वलित हुआ इस विवाहोत्सव का सेवायज्ञ नि:स्वार्थ सेवा का उत्तम उदाहरण है।

#### स्वयं कमाकर अन्य को खिलाना संस्कृति

मुख्यमंत्री ने कहा कि खुद कमाकर खुद खाना प्रकृति है, अन्य द्वारा कमाया हुआ खाना विकृति है, परंतु स्वयं कमाकर अन्य को खिलाना संस्कृति है।

## महाकुंभ में 100 करोड़ श्रद्धालुओं के लिए होंगे इंतजाम : योगी आदित्यनाथ

लखनऊ । एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ के 45 दिन (13 जनवरी से 26 फरवरी) में 40 करोड़ श्रद्धालु आएंगे, लेकिन तैयारी 100 करोड़ श्रद्धालुओं के लिए होगी। उन्होंने कहा कि 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर मुख्य मुहूर्त में प्रयागराज में छह करोड़ श्रद्धालु स्नान करेंगे, लेकिन तैयारी 10 करोड़ की होगी। 12 किमी. के घाट तैयार किए जा रहे हैं। 10 हजार एकड़ क्षेत्रफल में कुंभ का विस्तार किया गया है। यहां चार धाम के भी दर्शन होंगे। द्वादश ज्योतिर्लिंग व अन्य प्रमुख ज्योतिर्लिंग के भी दर्शन होंगे। प्रयागराज कुंभ, खोया-पाया के बारे में एआई टूल, भाषिणी ऐप के माध्यम से भारत की 11 भाषाओं को समाहित करते हुए हर व्यक्ति अपनी भाषा में जानकारी प्राप्त कर सकेगा। कुंभ में प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति की काउंटिंग भी सरकार



- **10 हजार एकड़ क्षेत्रफल में किया गया कुंभ मेले का विस्तार**
- **तैयार किये जा रहे हैं 12 किलोमीटर के घाट**

के पास होगी। जीरो लिक्विड डिस्चार्ज, 1.50 लाख शौचालय, सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री कुंभ होगा। महाकुंभ यूपी के आर्थिक समृद्धि के रोडमैप को आगे बढ़ाने में मार्गदर्शक होगा।

दिव्य महाकुंभ-2025 कार्यक्रम में शिरकत करते हुये कहा कि कल संसद में चर्चा संविधान पर हो रही थी और मुद्दा संभल का उठ रहा था। इन्हीं के समय में 46 वर्ष पहले संभल में जिस मंदिर को बंद कर दिया गया, वह मंदिर फिर से सबके सामने आ गया और इनकी वास्तविकता को सबके सामने प्रस्तुत कर दिया। संभल में इतना प्राचीन मंदिर, बजरंग बली की प्राचीन मूर्ति व ज्योतिर्लिंग रातोंरात तो नहीं आई।

उन्होंने कहा कि 46 वर्ष पहले जिन दरिंदों ने संभल के अंदर नरसंहार किया था, उन्हें आज तक सजा क्यों नहीं मिली। संभल में जिनकी निर्मम हत्या हुई, उन निर्दोषों का क्या कसूर था। जो भी सच बोलेगा, उसे धमकी दी जाएगी, मुंह बंद कराने का प्रयास होगा। यह लोग कुंभ के बारे में भी दुष्प्रचार का कुत्सित प्रयास करेंगे।

योगी ने कहा कि जिसने भी 2019 का कुंभ देखा, उन्हें लगा होगा कि यहां लीक से हटकर कार्य हुआ है।

# मुस्लिम और जातिवादी राजनीति में उलझे अखिलेश को फायदा कम नुकसान ज्यादा

समाजवादी पार्टी के पास अपनी राजनैतिक रोटियां सेंकने के लिए काफी कम विकल्प बचे हैं। इन्हीं विकल्पों में से जो दो सबसे खास हैं। उसी के तहत सपा प्रमुख अखिलेश यादव मुस्लिम और जातिवाद की राजनीति से ऊपर नहीं उठ पा रहे हैं। लगता है कि यूपी के उपचुनाव में मिली करारी हार के बाद भी अखिलेश ने कोई सबक नहीं लिया है। सबक लिया होता तो संसद के शीतकालीन सत्र में वह जातिगत जनगणना की मांग पर जोर नहीं देते। हिन्दुओं के खिलाफ होने वाली हिंसा को अनदेखा करके मुस्लिम तुष्टीकरण की सियासत के लिये संभल-संभल नहीं चिल्लाते। समाजवादी पार्टी ने कुछ माह पूर्व हुए आम लोकसभा चुनाव में पिछड़े-दलित-अल्पसंख्यक (पीडीए) के सहारे जो 'करिश्मा' किया था, वह यूपी के उप चुनाव में पूरी तरह से धाराशायी हो गया। नौ की नौ सीटों पर जीत का दावा कर रहे अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी उप चुनाव में दो सीटों पर सिमट गई। इसमें से भी एक सीट उनके परिवार के सदस्य की थी, जबकि 2022 के विधानसभा चुनाव में वह नौ में से पांच सीटें जीतने में सफल रही थी।

अखिलेश के लिए सबसे अधिक चिंताजनक हार मुस्लिम बाहुल्य कुंदरकी विधानसभा की रही। यहां की हार के बाद अब सवाल यह भी उठने लगा है कि क्या मुसलमानों का अखिलेश के प्रति मोह कम हो रहा है। ऐसा इस लिये भी कहा जा रहा है क्योंकि कुंदरकी में मुसलमानों ने सपा के मुस्लिम प्रत्याशी को अनदेखा करके बिना हिचक बीजेपी के हिन्दू प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया था। कुंदरकी में भाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह ने ऐतिहासिक जीत हासिल की। रामवीर सिंह ने सपा के उम्मीदवार मोहम्मद रिजवान को हराकर कुंदरकी सीट पर विजय प्राप्त की। रामवीर सिंह को 168526 वोट जबकि रिजवान को 25334 वोट मिले। रामवीर ने सपा के उम्मीदवार को 143192 यानी करीब डेढ़ लाख वोटों से हराया। उपचुनाव के नतीजों से ये भी साफ हो गया कि अखिलेश का गठबंधन को तरजीह ना देना भारी पड़ गया। अखिलेश ने इंडिया गठबंधन के लड़ने की बात तो कही। मगर इंडिया गठबंधन के प्रमुख दल कांग्रेस को विधानसभा चुनावों में वो सीटें नहीं दी जो कांग्रेस चाहती थी। जिसकी वजह से कांग्रेस के नेताओं ने भी इस चुनाव से दूरी बनाये रखी। इंडिया गठबंधन का हिस्सा होने के बाद भी अखिलेश ने सात सीटों पर एकतरफा तौर पर प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया। जबकि कांग्रेस प्रयागराज की फूलपुर सीट पर उपचुनाव लड़ना चाहती थी।

जानकार मानते हैं कि अगर कांग्रेस को सीट मिलती और वो भी एसपी के साथ पूरी ताकत से चुनावी मैदान में रहती तो नतीजे कुछ अलग हो सकते थे। ऐसा इसलिये भी कहा जा सकता है क्योंकि मुस्लिम वोटरों में राहुल गांधी और कांग्रेस की स्वीकार्यता काफी तेजी से बढ़ रही है। चुनाव नतीजों से इत्तर उप चुनाव के परिदृश्य की बात करें तो पूरे प्रचार के दौरान इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस ने अपने गठबंधन के सहयोगी समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के प्रचार से दूरी बनाये रखी। मतदान वाले दिन किसी भी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस का बस्ता लगा नहीं दिखा। कांग्रेस के नेता भी नदारद थे। मतगणना वाले दिन तक भी लखनऊ के माल एवेन्यू रोड स्थित कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में सन्नाटा पसरा हुआ था। कांग्रेस जैसी ही स्थिति बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशियों की भी नजर आई। काफी हद तक बसपा का दलित वोटर चन्द्रशेखर की आजाद समाज पार्टी के पक्ष में मतदान करता दिखा, जिसकी वजह से चन्द्रशेखर की पार्टी का प्रदर्शन बसपा के मुकाबले काफी बेहतर रहा। उधर,नतीजों से नाराज बसपा सुप्रीमो मायावती ने भविष्य में उप-चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा कर दी है।

समाजवादी पार्टी को इतनी बड़ी हार क्यों मिली? यह कैसे हुआ? इसके बारे में जानने-समझने के लिये अतीत के पन्नों को पलटना होगा। अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव में दूर की सोच दिखाते हुए मुस्लिम नेताओं को टिकट देने में कंजूसी दिखाई थी,इसके पीछे अखिलेश की यही सोच थी कि उनके द्वारा मुस्लिम प्रत्याशी को मैदान में उतारने पर बीजेपी के पक्ष में हिन्दू वोटों का ध्रुवीकरण हो जाता है,जबकि सपा किसी हिन्दू नेता को टिकट देती है तो हिन्दू वोटर तो बंट जाते हैं लेकिन अल्पसंख्यक वोटर पूर्व की भांति सपा के पक्ष में ही लामबंद रहते जिसका सीधा फायदा समाजवादी पार्टी को होता है। इसी को ध्यान में रखकर ही अखिलेश ने पीडीए की सियासत शुरू की थी, लेकिन कहा जाता है कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती है, ऐसा ही अखिलेश के साथ हुआ। दरअसल, अखिलेश यादव मुस्लिम तुष्टिकरण की सियासत में इतनी बुरी तरह से उलझ गये हैं कि वह इससे बाहर ही नहीं निकल पा रहे हैं। अखिलेश का हाल यह है कि वह बात तो पीडीए की करते हैं,लेकिन जब अपराधी किस्म का कोई मुसलमान किसी पिछड़ा (पी) या दलित (डी) समाज के किसी व्यक्ति की इज्जत उछालता है। उसके साथ अपराधिक कृत्य करता है तो अखिलेश इसे पूरे मुस्लिम समाज से जोड़कर चुप्पी साध लेते हैं। यह बात पिछड़ा और दलित समाज को अखिलेश से दूर ले ही जाती है।

# विश्व हिन्दू परिषद् : कल आज और कल



तनवीर जाफरी

इलाहबाद कभी न केवल कांग्रेस बल्कि समाजवादी व आर एस एस व विश्व हिन्दू परिषद् के भी वरिष्ठ व राष्ट्रीय स्तर के नेताओं का गढ़ हुआ करता था। नेहरू-गांधी परिवार की तो यह कर्मस्थली थी ही इसके अतिरिक्त पुरषोत्तम दस टंडन,मदन मोहन मालवीय जैसी अनेक विभूतियाँ भी इसी शहर से सम्बद्ध रहीं। इसी तरह दक्षिणपंथी विचारधारा के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख रहे राजेंद्र सिंह उर्फ रज्जु भैय्या का नाम भी इलाहाबाद से ही जुड़ा हुआ है। ऐसा ही एक नाम था जस्टिस शिव नाथ काटजू का जोकि 1980 के दशक में विहिप के अध्यक्ष भी चुने गये थे। जस्टिस काटजू ने अयोध्या में विवादित बाबरी मस्जिद की जगह पर राम मंदिर के निर्माण के लिए शुरुआती अभियान चलाया था। और इसी दौरान उन्हें नज़रबंद भी कर दिया गया था। चूंकि मेरी भी औपचारिक शिक्षा इलाहाबाद में ही हुई इसलिये उस दौर के अनेक विशिष्ट जनों के साथ संबंध रखने का भी सौभाग्य मिला। जस्टिस काटजू भी उन्हीं में एक थे जिनके पास अक्सर मेरा आना जाना रहता था। जस्टिस काटजू विहिप के अध्यक्ष तो ज़रूर थे परन्तु वे पूर्णतयः धर्मनिर्पेक्ष थे। इस्लामी इतिहास का भी उन्हें ज़बरदस्त ज्ञान था। शिया -सुन्नी विवाद और करबला की घटना जैसे विषयों पर तो वे अक्सर मेरे साथ बातें किया करते और मेरा ज्ञान वर्धन किया करते थे। बात 1977-78 की है उस दौरान मैं इलाहबाद के मुहल्ला दरियाबाद के इमामबाड़ा सलवात अली खान नामक एक ट्रस्ट से परिवारिक रूप से जुड़ा हुआ था। यहां अनेक धार्मिक आयोजन हुआ करते हैं। इन्हीं में एक चालीसवें का जुलूस (मुहर्रम के चालीस दिन बाद ) भी इसी इमामबाड़े से निकला जाता है। इसी जगह से निकलने वाले चालीसवें के जुलूस का प्रारंभिक संबोधन करने के लिये जब मैंने जस्टिस काटजू से निवेदन किया तो वे खुशी खुशी तैयार हो गये। हालांकि उन्होंने अयोध्या में मंदिर के निर्माण के लिए शुरू हुये विहिप आंदोलन तथा दरियाबाद की घनी मुस्लिम आबादी को भी रेखांकित किया। परन्तु मेरे संपूर्ण सुरक्षा व शांतिपूर्ण आयोजन के आश्वासन के बाद वे कार्यक्रम से पूर्व स्वयं अपनी एम्बेसडर कार चलाकर बिल्कुल अकेले ही दरियाबाद पधारे। यहाँ दरियाबाद चौराहे पर मौजूद मेरे साथियों ने उनका स्वागत किया व पूरे सम्मान के साथ उन्हें इमामबाड़ा सलवात अली खान लेकर गये। यहां मौजूद समूह के बीच जस्टिस काटजू ने कर्बला की घटना का ज़िक्र करते हुये न केवल अपनी तरफ से बल्कि विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष होने की हैसियत से विहिप की तरफ से भी हज़रत इमाम हुसैन व करबला के शहीदों को बड़े ही भावपूर्ण शब्दों में श्रद्धांजलि अर्पित की।




शेरवानी,टोपी और चूड़ीदार पैजामा जैसा परिधान प्रायः धारण करने वाले काटजू साहब सभी धर्मों का पूरा ज्ञान रखते थे तथा उन्हें सम्मान भी देते थे। वे विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष होने के बावजूद सभी धर्मों में परस्पर मेल जोल व सद्भाव के पक्षधर थे। उन्हें उर्दू आरबी फारसी का भी पूरा ज्ञान था।

यह था उस दौर के विश्व हिंदू परिषद का वह चेहरा जिससे भारत का गैर हिन्दू समाज कभी भयभीत नहीं होता था। उसके बाद जबसे गुजरात को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की प्रयोगशाला कहा जाने लगा तब से इसी विश्व हिंदू परिषद ने खुलकर इस्लाम व अल्पसंख्यकों के प्रति अपनी आक्रामकता दिखानी शुरू कर दी। इसी विश्व हिंदू परिषद में बजरंग दल नामक एक और संगठन तैयार हो गया जो समय समय पर आक्रामक होते नज़र आया। आज पूरे देश में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल पर अनेक आपराधिक मुकदमे चल रहे हैं। इसी विश्व हिंदू परिषद ने योजनाबद्ध तरीके से गुजरात से शुरू कर कॉरोनकाल के दौरान देश के कई राज्यों में मुस्लिम दुकानदारों के प्रति नफरत फैलाकर उनसे सब्ज़ी फल व अन्य सामान खरीदने के लिये हिन्दू समाज के लोगों को मना किया। सीधे शब्दों में मुस्लिमों का व्यवसायिक बहिष्कार करने की कोशिश की गयी। इसी विहिप ने 'बेटी बचाओ बहू लाओ' नामक एक अभियान भी चलाया जिसके अंतर्गत किसी हिन्दू लड़की के मुस्लिम लड़के से प्रेम संबंध होने की स्थिति में उस रिश्ते में दखल देना तथा वह अंतर्धार्मिक संबंध परवान न चढ़ने देना है। जबकि साथ ही हिन्दू लड़कों को इस बात के लिये आमादा करना है कि वे मुस्लिम लड़कियों से दोस्ती कर उनको बहू बनाकर लाएं। गुजरात सहित और भी कई राज्यों से ऐसी खबरें भी आती रही हैं जबकि विहिप के लोगों ने किसी मुस्लिम को किराये पर मकान देने का विरोध किया तो कभी खरीदे हुये फ्लैट में भी कब्ज़ा लेने व उनके रहने का विरोध किया। कई जगहों पर विश्व हिंदू परिषद के लोग मुस्लिमों की मॉब लिंचिंग करने वालों का साथ देते यहाँ तक कि उनके समर्थन में सड़कों पर उतरते,उग्र होते व हत्यारों को सम्मानित करते नज़र आये।

आज का विश्व हिंदू परिषद तो पूरी तरह से अपने उन बुनियादी सिद्धांतों से दूर होता नज़र आ रहा है जिसे लेकर हिंदू राष्ट्रवाद पर आधारित इस भारतीय दक्षिणपंथी हिंदू संगठन की स्थापना 1964 में की गयी थी। उस समय इसका घोषित उद्देश्य "हिंदू समाज को संगठित व मज़बूत करना और हिंदू धर्म की सेवा और सुरक्षा करना" था न कि किसी अन्य धर्म के विरुद्ध आक्रामक होना या भारतीय लोगों में अफवाहबाज़ी के द्वारा नफरत हिंसा व विद्वेष भड़काना और किसी भारतीय नागरिक को दूसरे दर्जे का नागरिक समझना। न ही किसी की मस्जिद मज़ार गिराना व अन्य धर्मों की ध्वजा उतारकर अपनी धर्मध्वजा लहराना। न ही इस तरह के अभियान चलाना । परन्तु इससे भी आगे बढ़कर आज का विश्व हिन्दू परिषद तो गोया संविधान विरोधी संवाद को भी हवा देने वाला एक मंच बन चुका है। इनदिनों इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस शेखर यादव द्वारा दिया गया एक 'असंवैधानिक भाषण ' जो कि गत 8 दिसम्बर को इलाहाबाद हाई कोर्ट के लाइब्रेरी हॉल में वीएचपी के विधि प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान दिया गया था वह न केवल चर्चा में है बल्कि उसी भाषण को लेकर जस्टिस शेखर यादव के विरुद्ध महाभियोग चलाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गयी है। वीएचपी के लीगल सेल के इसी आयोजन में जस्टिस शेखर यादव ने 'समान नागरिक संहिता एक संवैधानिक अनिवार्यता' विषय पर बोलते हुए कहा था कि देश एक है, संविधान एक है तो क़ानून एक क्यों नहीं है? उन्होंने इसी मंच पर यह भी कहा कि "हिंदुस्तान में रहने वाले बहुसंख्यकों के अनुसार ही देश चलेगा, यही क़ानून है। आप यह भी नहीं कह सकते कि हाई कोर्ट के जज होकर ऐसा बोल रहे हैं। क़ानून तो भैय्या बहुसंख्यक से ही चलता है। " जस्टिस यादव के इस बयान के फौरन बाद ही कई नेताओं, वकीलों,पूर्व न्यायाधीशों व बुद्धिजीवियों द्वारा उनके इस बयान की निंदा की गयी उसे असंवैधानिक बताया गया और आख़िरकार मामला महाभियोग तक आ पहुंचा। उनके विरुद्ध राज्यसभा के 55 सांसदों ने महाभियोग का प्रस्ताव लाने के लिये राज्य सभा में नोटिस दे दिया। यह भी सवाल उठने लगा कि एक वर्तमान न्यायाधीश का ऐसे कार्यक्रम में शामिल होना उचित भी है अथवा नहीं ? सवाल यह है कि आजका विश्व हिन्दू परिषद् जब संविधान विरोधी वक्तव्यों को अपने मंच से बढ़ावा दे रहा है,धर्म विशेष के विरोध में ही स्वयं को पनपते देख रहा है, हिंदू समाज को संगठित करने उसे मज़बूत करने व हिंदू धर्म की सेवा व सुरक्षा के बहाने समाज में नफरत व हिंसा को बढ़ावा देते देते अब संविधान विरोधी विचारों को भी मंच प्रदान कर रहा है, आने वाले कल में वही विश्व हिन्दू परिषद् शिव नाथ काटजू जैसे परिषद् के पूर्व नेताओं के विचारों व उनके स्वभाव व आचरण से कितनी दूर जायेगा और देश को किस स्थिति में ले जायेगा इसका अंदाज़ा लगाने के लिये किसी और की बातें सुनने की ज़रुरत नहीं बल्कि खुद शिव नाथ काटजू के होनहार पुत्र व पूर्व जस्टिस मारकंडे काटजू के संघ संबंधी विचारों को सुनकर ही अंदाज़ा लगाया जा सकता है।

# वन नेशन वन इलेक्शन : लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती भरा कदम



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

'वन नेशन, वन इलेक्शन' बिल लोकसभा में सोमवार यानी 16 दिसंबर को पेश नहीं किया जाएगा। इससे जुड़े दोनों बिल को लोकसभा की रिवाइज्ड लिस्ट से हटा दिया गया है। अब फाइनेंशियल बिजनेस पूरा होने के बाद बिल सदन में पेश किए जाने की बात कही जा रही है। हालांकि, सरकार बिल को आखिरी समय में भी लोकसभा स्पीकर की परमिशन के बाद सप्लीमेंट्री लिस्टिंग के जरिए सदन में पेश कर सकती है। कैबिनेट ने 12 दिसंबर को बिल की मंजूरी दी थी।

लोकसभा में जब कभी एक देश एक चुनाव से संबंधित विधेयक पेश किया जाएगा, इस दिशा में देश एक कदम और बढ़ जाएगा। सरकार इस विधेयक को संसदीय समिति को भेजने की मंशा व्यक्त करती रही है ताकि इस पर सांसदीय समिति के माध्यम से गंभीर मंथन और चिंतन हो सके। हालांकि एक देश एक चुनाव की दिशा में बढ़ते कदम में स्थानीय निकायों के चुनावों की प्रकिया बाकी है। उसका कारण है कि उस प्रस्ताव के विधेयक को विधानसभाओं से भी पारित करवाया जाना होगा। लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होते हैं तो भले ही कांग्रेस सहित विपक्ष विरोध कर रहे हों पर माना जाना चाहिए कि यह सही दिशा में बढ़ता कदम होगा।

ऐसा नहीं है कि भारतीय लोकतंत्र के लिए यह कोई नई बात हो बल्कि आजादी के समय से ही देश में एक साथ चुनाव कराने पर बल दिया जाता रहा है। 1952, 1957, 1962 और 1967 के चुनाव इसके उदाहरण हैं। 1968 से विधानसभाओं को भंग करने का जो सिलसिला चला उसने पूरे हालात बदल दिए और उसके बाद लोकसभा और विधानसभा के चुनाव अलग-अलग होने लगे। अलग-अलग चुनावों के दुष्परिणाम अधिक सामने आते हैं। यह केवल चुनावों पर होने वाले सरकारी और गैर सरकारी खर्चों तक ही सीमित ना होकर अलग-अलग चुनाव एक नहीं अनेक समस्याओं का कारण बन रहे हैं। लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव अलग-अलग होने से करीब एक साल तक चुनी हुई सरकार पंगु बन कर रह जाती है। इसको राजस्थान सहित अन्य प्रदेशों के चुनावों से इस तरह से समझा जा सकता है। यह उदाहरण मात्र है और सभी प्रदेशों पर समान तरीके से लागू होता है। नवंबर-दिसंबर में राजस्थान की विधानसभा के चुनाव होते हैं। सरकार बनते ही प्राथमिकता तय कर पाती है तब तक बजट की तैयारी में जुटना पड़ता है क्योंकि अब फरवरी में ही बजट सेशन होने लगे हैं। मई-जून में लोकसभा के चुनाव के कारण अप्रैल से ही आचार संहित लगने की तलवार लटक जाती है और फिर करीब डेढ़ माह का समय आचार संहिता को समर्पित हो जाता है। इसके कुछ समय बाद या यों कहे कि परिवर्तित बजट से निपटते-निपटते सरकार के सामने स्थानीय निकायों व पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव का समय हो जाता है और उसके कारण लंबा समय इन चुनावों के कारण आचार संहिता के भेंट चढ़ जाता है। इस बीच में कोई-कोई ना कोई उप चुनाव आ जाते हैं तो उसका असर भी चुनी हुई सरकार को भुगतना पड़ता है। जैसे तैसे चौथा साल पूरा होने को होता है कि सरकार ताबड़तोड़ निर्णय करने लगती है और इनके क्रियान्वयन का समय आते-आते चुनाव आचार संहिता लग जाती है। इस तरह से एक बात तो साफ हो जाती है कि पांच साल के लिए चुनी हुई लोकतांत्रिक सरकार का कमोबेश एक साल का समय चुनाव आचार संहिताओं के भेंट चढ़ जाता है। यह तो केवल लोकतांत्रिक जनता द्वारा चुनी हुई सरकार के कार्यो के प्रभावित होने का एक उदाहरण मात्र है। अब अलग-अलग चुनाव होने से चुनाव पर होने वाले सरकारी और गैर सरकारी खर्चो पर भी ध्यान दिया जा सकता है। 1952 के पहले चुनाव में सरकारी व गैर सरकारी जिसमें राजनीतिक दलों और चुनाव लड़ने वालों का खर्च भी शामिल है, वह करीब 10 करोड़ के आसपास रहा। 2010 के आम चुनाव में 10 हजार करोड़ रु. का व्यय माना जा रहा है जो 2019 में 55 हजार करोड़ और 2024 के आम चुनाव में एक लाख करोड़ को छू गया है। इसमें चुनाव आयोग, प्रशासनिक व्यवस्थाओं के साथ ही राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों द्वारा होने वाला खर्च शामिल है। मोदी सरकार आने के बाद 2014 से एक देश एक चुनाव पर चर्चा का सिलसिला चल निकला था। 2017 में नीति आयोग ने इसे उपयुक्त बताया और 2018 में संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने इसे सही दिशा बताया। सितंबर 2023 में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय कमेटी बनाई गई और 65 बैठके कर 18626 पन्नों की रिपोर्ट इसी साल मार्च, 24 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को पेश की गई। यदि इन सभी सिफारिशों को लागू किया जाता है तो 18 संसोधनों की आवश्यकता होगी। सरकार ने अभी एक हिस्से यानी कि लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ करने की दिशा में कदम बढ़ाती दिख रही है। माना जा रहा है कि 2029 के चुनाव नई व्यवस्था यानी एक देश एक चुनाव वन नेशन वन इलेक्शन से हो। इसके लिए चुनाव आयोग व सरकारों को काफी मशक्कत करनी पड़ेगी पर यदि एक बार यह सिलसिला चल निकलेगा तो इसे लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत ही माना जाएगा।

राजनीतिक दलों द्वारा यह शंका व्यक्त की जा रही है कि इससे छोटे व स्थानीय दलों के अस्तित्व पर ही संकट आ जाएगा। इसके साथ ही वोटिंग पेटर्न प्रभावित होगा। चुनाव में कानून व्यवस्था बनाए रखने और चुनाव के लिए मशीनरी भी अधिक लगाने की बात की जाती है तो खर्चे व आधारभूत सुविधाओं यथा ईवीएम मशीन, वीवीपेट मशीन, उनके रखरखाव सहित अन्य आवष्यक संसाधनों की आवशयकताओं को लेकर भी शंका व्यक्त की जा रही हैं। जिस तरह चुनाव आयोग ने संसाधनों का आकलन कर अपनी आवशयकताएं सरकार को बता दी हैं उससे लगता है कि चुनाव आयोग भी वन नेशन वन इलेक्शन के लिए मानसिक रूप से पूरी तरह से तैयार है। 2029 के चुनाव में चुनाव आयोग द्वारा 7951 करोड़ रुपए का खर्च अनुमानित किया गया है। राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों सहित अन्य खर्च अलग होंगे। वन नेशन वन इलेक्शन के सकारात्मक पक्ष भी है और उन्हें हल्के में नहीं लिया जा सकता। वन नेशन वन इलेक्शन हमारे देश के लिए कोई नई बात नहीं है, उसी तरह से दुनिया के अन्य देशों जर्मनी, जापान, दक्षिणी अफ्रीका, स्वीडन, इंडोनेशिया, फिलिपिंस आदि में भी एक साथ चुनाव होते रहे हैं। कोविंद कमेटी ने जर्मनी के चुनाव पैटर्न को बेहतर व अनुकरणीय भी माना है।एक बात साफ हो जानी चाहिए कि एक साथ चुनाव होने से संसाधन तो एक बार जुटाने होंगे पर उसके बाद व्यवस्था सुनिश्चित हो जाएगी। आजादी के 75 साल से भी अधिक समय हो जाने के बाद जिस तरह से मतदाताओं की उदासीनता देखी जा रही है वह निश्चित रूप से कम होगी। राजनीतिक दल भले आज विरोध कर रहे हैं पर एक साथ चुनाव से उन्हें भी कम मशक्कत व एक बार ही मशक्कत करनी होगी। प्रचार सामग्री से लेकर प्रचार अभियान को आसानी से संचालित किया जा सकेगा। योजनाबद्ध प्रयासों से विधानसभा व लोकसभा प्रत्याशियों का एक साथ प्रचार अभियान संचालित हो सकेगा जिससे अलग-अलग चुनाव होने से बार-बार होने वाले व्यय में कुछ हद तक राजनीतिक दलों को भी कम खर्च करना पड़ेगा। चुनी हुई सरकारों को बार-बार आचार संहिता के संकट से गुजरना नहीं पड़ेगा और सरकार को काम करने का अधिक समय मिल सकेगा। दोनों चुनाव एक साथ होने से भले ही पोलिंग बूथ अधिक बनाने पड़े, मशीनरी अधिक लगानी पड़े पर मतदाताओं और चुनाव कराने वाली मशीनरी के लिए भी सुविधाजनक होगा।

एक बात यह भी कि असामाजिक तत्वों की गतिविधियां भी काफी हद तक कम हो सकेगी। इससे सरकारी संसाधनों की बचत, मानव संसाधन को बार बार नियोजित करने से होने वाले सरकारी कार्य में बाधा में बचत और प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से बार-बार चुनाव के स्थान पर एक साथ चुनाव होने से खर्चों में भी कमी आएगी। देखा जाए तो वन नेशन वन इलेक्शन लोकतंत्र और लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को मजबूत करने की दिशा में बढ़ता कदम माना जा सकता है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# सरदार पटेल और भारतीय राजनीति का पटेल युग – 1



ई0 प्रभात किशोर

जगत विश्व में समय-समय पर अनेक महापुरूषों ने इस धरती पर जन्म लिया है, जिन्होंने अपने कर्मों से इतिहास में अपना नाम अमर कर लिया है । परन्तु ऐसे व्यक्ति विरले हीं अवतरित हुए हैं, जिन्होंने न सिर्फ देश का इतिहास, वरन भूगोल हीं बदल डाला हो । 31 अक्टूबर 1875 को पटेलाद (गुजरात) के एक साधारण किसान परिवार में जन्में वल्लभ भाई पटेल ऐसे हीं असाधारण पुरूष थे, जिन्होंने अपने बुद्धि, संकल्प शक्ति एवं चातुर्य से 560 रजवाड़ों को भारतीय क्षेत्र में विलय कर वर्तमान भारतवर्ष की रचना की।

सरदार पटेल भारत के खण्डीकरण एवं उपनिवेशवाद को रोकने जैसे अप्रत्याशित कार्य के लिए याद किये जाते हैं । इतिहास में उनके संबंध में अनेकों महत्वपूर्ण तथ्य या तो हटा दिये गये या भुला दिए गए । कांग्रेस शासन में लिखित भारतवर्ष के इतिहास के पन्नों से पटेल को कांग्रेस नेतृत्व से जबरन बेदखल करने तथा राष्ट्र को उनके सशक्त नेतृत्व से वंचित करने संबंधी तथ्य विलुप्त हैं ।

तत्कालीन वायसराय लॉर्ड बैवेल द्वारा 2 सितम्बर 1946 को नेहरू को अंतरिम सरकार बनाने हेतु महज इस कारण से आमंत्रित किया गया था कि वे (नेहरू) उस वक्त कांग्रेस अध्यक्ष थे । उन्होंने सन 1946 में यह पद कांग्रेस से बाहर होने की धमकी एवं गांधीजी के हस्तक्षेप से प्राप्त किया था, क्योंकि किसी भी प्रांतीय समिति ने उनके नाम का प्रस्ताव नहीं किया था। 20 अप्रैल को नेहरू के पक्ष में गांधी के स्पष्ट वक्तव्य के बावजूद पंद्रह में से तेरह प्रांतीय कांग्रेस समितियों ने पटेल का नाम प्रस्तावित किया, जबकि तीन ने इस प्रक्रिया में भाग नहीं लिया ।

आचार्य कृपालानी (तत्कालीन कांग्रेस महासचिव) के अनुसार, ''गांधी ने प्रांतों के प्रस्तावों पर कड़ी प्रतिक्रिया प्रकट की, क्योंकि 16 फरवरी 1946 को ब्रिटीश प्रधानमंत्री द्वारा तीन मंत्रिमंडलीय सदस्यों वाली 'कैबिनेट मिशन' भारत भेजने की घोषणा तथा 23 मार्च 1946 को भारत आए इसके सदस्यों पैथिक लौरेंस, सर स्टेफर्ड क्रिप्स और ए0वी0 एलेक्जेन्डर के संकेतों से देश में सत्ता का हस्तांतरण अवशयम्भावी था । अतः इस वर्ष कांग्रेस अध्यक्ष चुने जाने वाले व्यक्ति को केन्द्र में गठित होने वाली अंतरिम राष्ट्रीय सरकार का नेतृत्व करना निश्चित था।''

कांग्रेस अध्यक्ष की दौड़ में आपे आपको बाहर पाकर नेहरू आग बबूला हो गए और गांधी के समक्ष नाराजगी प्रकट की । गांधी ने उन्हें समझाना चाहा, पर उल्टे नेहरू ने नेतृत्व नहीं मिलने की स्थिति में कांग्रेस तोड़ने तक की धमकी दे डाली । नेहरू यहां तक भूल गए कि सन 1929, 1930 एवं 1937 में बहुमत रहने के बावजूद सरदार पटेल ने अध्यक्ष पद नेहरू के हवाले कर दिया था । गांधी जानते थे कि यथार्थवादी पटेल मान जायेंगे, परन्तु नेहरू किसी हद तक जा सकते हैं । नेहरू के साथ अधिक लोग नहीं थे परन्तु इस निर्णायक मौके पर कांग्रेस संगठन में एकता आवशयक थी । गांधी की इच्छानुसार तब कृपालानी ने कुछ कार्यसमिति के सदस्यों एवं दिल्ली के स्थानीय ए0आई0सी0सी0 सदस्यों से नेहरू के नाम के प्रस्ताव हेतु कुल 15 हस्ताक्षर प्राप्त किये, हालांकि तब कांग्रेस अध्यक्ष हेतु प्रांतीय कांग्रेस समितियों से नाम प्रस्ताव की अंतिम तिथि (29 अप्रैल 1946) समाप्त हो चुकी थी। इस प्रकार सभी नियम कानूनों को दरकिनार करते हुए नेहरूजी कांग्रेस के अध्यक्ष घोषित कर दिये गये ।

त्रि-सदस्यीय मिशन द्वारा भारत में विभिन्न राजनैतिक एवं सामाजिक नेताओं से वार्ता के उपरान्त ब्रिटीश सरकार द्वारा दो योजनाएं प्रकाशित की गई । 16 मई 1946 को प्रकाशित पहली योजना संविधान सभा के गठन और 16 जून 1946 को प्रकाशित योजना केन्द्र में अंतरिम सरकार के गठन से संबंधित थी। 16 जून 1946 को योजना स्वीकार करने के बाद 2 सितम्बर 1946 को तत्कालीन अध्यक्ष पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में बारह-सदस्यीय मंत्रिमंडल ने शपथ ली ।

कृपालानी (जो जवाहर के नाम प्रस्ताव हेतु हस्ताक्षर अभियान में सक्रिय थे) के शब्दों में, ''यह निश्चित था कि यदि गांधी के दबाव में नेहरू का नाम प्रस्तावित नहीं किया होता, तो सरदार कांग्रेस के अध्यक्ष निवार्चित होते और उस स्थिति में 2 सितम्बर 1946 को पटेल (न कि नेहरू) को अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने एवं देश के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में शपथ हेतु आमंत्रित किया जाता । यह सोचना लाजिमी है कि अंतरिम सरकार के प्रधान के रूप में पटेल (जिनकी सदा हीं पार्टी के नियंत्रण एवं प्रबंधन में सदैव नेहरू से ज्यादा पकड़ रही) अपनी स्थिति और सुदृढ़ कर चुके होते तथा 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री बन गए होते । जनसमर्थन नहीं रहने के बावजूद नेहरू को हीं प्रधानमंत्री बनाने की गांधीजी के हठ के कारण अप्रत्याशित समर्थन के बावजूद पटेल की ''गाड़ी'' छूट गयी ।

2 सितम्बर 1946 को अंतरिम सरकार का प्रधानमंत्री बनने के बाद पं0 नेहरू के लिए स्वाधीन भारत के प्रथम प्रधानमंत्री का पद पाना कोई खास मुश्किल कार्य नहीं था । चूंकि 1947 में गांधीजी जीवित थे और उन्होंने सार्वजनिक मंच से नेहरू को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर रखा था, अतः नेहरू को सर्वसम्मति से कांग्रेस संसदीय दल का नेता बनाया गया और वे स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री बने।

सन 1946 की दुःखद घटना कोई प्रथम घटना नहीं थीं, जब पटेल को अधिक समर्थन होने के वावजूद नेतृत्व से बेदखल किया गया हो। इसके पूर्व भी अनेक अवसरों पर गांधी के हस्तक्षेप से नेहरू उन्हें किनारा करते रहे । सन 1929 में कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव में दस प्रांतीय अनुशंसायें गांधी के लिए, पांच पटेल के लिए और तीन नेहरू के लिए थी । गांधी द्वारा अध्यक्ष बनने से इन्कार के उपरान्त पटेल स्वभाविक दावेदार थे । पर गांधी ने नेहरू के लिए हस्तक्षेप किया और वे (नेहरू) अंततः कांग्रेस अध्यक्ष बने। सन 1931 में पटेल निर्विरोध कांग्रेस अध्यक्ष चुने गए । पुनः सन 1937 में नेहरू का कार्यकाल पूरा होने पर कांग्रेस अध्यक्ष पद हेतु पटेल का अध्यक्ष बनना तय था, पर नेहरू ने गांधी के समक्ष दुबारा अध्यक्ष बनने की इच्छा जाहिर की । गांधी द्वारा अनुरोध किए जाने पर पटेल ने नाम वापस ले लिया और नेहरू पुनर्निर्वाचित हुए । सन 1937 में प्रांतीय चुनावों के लिए गठित कांग्रेस चुनाव समिति के सभापतित्व की जिम्मेवारी उनके कंधों पर डाल दी गयी। सफल चुनाव अभियान के परिणामस्वरूप सात प्रान्तों में कांग्रेसी मंत्रिमंडल गठित हुए।

**(लेखक अभियंता और शिक्षाविद हैं।)**

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री ने किया अटल विहार, गोविन्द विहार एवं पटेल नगर आवासीय योजनाओं तथा आनलाईन नाम हस्तांतरण की ई–साईन सेवा का शुभारम्भ



**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 15 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर विकास प्राधिकरण की अटल विहार, गोविन्द विहार एवं पटेल नगर तीन आवासीय योजनाओं तथा जेडीए की आनलाईन नाम हस्तांतरण की ई–साईन सेवा का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर माननीय नगरीय विकास, स्वायत्त शासन एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा भी उपस्थित थे। जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने बताया कि जेडीए द्वारा कुल 756 भूखण्डों के आनलाईन आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे, जिनका आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। यह योजनाएं गरीब एवं मध्यम वर्ग के आवास का सपना साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।जेडीसी ने बताया कि अटल विहार आवासीय योजना जोन-12 में कालवाड़ रोड पर चक पीथावास उर्फ नारी का बास में विकसित की गई है। इस योजना में 284 भूखण्ड उपलब्ध हैं और ऑनलाईन आवेदन 18.12.2024 से 17.01.2025 तक किए जा सकेंगे। लॉटरी 29.01.2025 को निकाली जाएगी।गोविन्द विहार आवासीय योजना जोन-10 में गोविन्दपुरा-रोपाडा में विकसित की गई है, जिसमें 202 भूखण्ड हैं। इसके लिए ऑनलाईन आवेदन 25.12.2024 से प्रारंभ होंगे और अंतिम तिथि 24.01.2025 है। लॉटरी 05.02.2025 को निकाली जाएगी।पटेल नगर आवासीय योजना भी जोन-10 में खोरी-रोपाडा में विकसित की गई है, जिसमें कुल 270 भूखण्ड हैं। इस योजना में आवेदन की प्रारंभ तिथि 14.01.2025 से होगी और अंतिम तिथि 13.02.2025 है। लॉटरी 24.02.2025 को निकाली जाएगी।उक्त तीनों योजनाओं में आवेदन करने से संबंधित विस्तृत जानकारी जविप्रा की वेबसाइट ६६६.ि.ि२३ॅल़.ङ्ग५.ल़ पर उपलब्ध है, या ई-मित्र कियोस्क केन्द्रों के माध्यम से भी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।जेडीए के नागरिक सेवा केंद्र के माध्यम से आमजन को प्रदान की जाने वाली नाम हस्तांतरण की आनलाईन सेवा में आवेदन किए जाने पर जारी किए जाने वाले नाम हस्तांतरण पत्र को ई–साईन के माध्यम से आवेदक को उपलब्ध करवाने की सुविधा विकसित की गई है।इस अवसर पर जेडीए सचिव निशांत जैन, समस्त निदेशक गण, समस्त अतिरिक्त आयुक्त गण सहित जेडीए के वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित थे।

# राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर 'राज्य स्तरीय विकास प्रदर्शनी' का आयोजन

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया 'एक वर्ष-परिणाम उत्कर्ष' राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन

- **जवाहर कला केन्द्र में आयोजित प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों की स्टॉल का किया अवलोकन**
- **एसएमएस स्टेडियम में सुरक्षा एवं जीवन रक्षा हेतु पुलिस के विभिन्न वाहनों को हरी झंडी दिखाई**






### महिला सुरक्षा के लिए 150 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट को दिखाई हरी झंडी

चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 15 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर जवाहर कला केंद्र में आयोजित राज्य स्तरीय विकास प्रदर्शनी 'एक वर्ष-परिणाम उत्कर्ष' का उद्घाटन किया। उन्होंने कृषि, पशुपालन, सहकारिता, चिकित्सा, उद्योग, ऊर्जा सहित विभिन्न विभागों की स्टॉल्स पर जाकर विभागों द्वारा करवाए गए विकास कार्यों, उपलब्धियों एवं नवाचारों का अवलोकन किया। शर्मा ने सभी विभागीय अधिकारियों को योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाकर अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। शर्मा ने फीता काटकर और दीप प्रज्जवलित कर प्रर्दशनी का षुभारंभ किया। उन्होंने 'निभाई जिम्मेदारी-हर घर खुशहाली' का संदेष देती विकास प्रदर्शनी में राज्य सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल में विभिन्न क्षेत्रों में करवाए गए विकास कार्यों एवं योजनाओं के फोटो, स्कैच, मॉडल्स एवं प्रकाशन सहित अन्य सामग्री को देखा। उन्होंने सरकार के 'विकसित राजस्थान' के संकल्प को दर्शाती प्रदर्शनी की सराहना की।

### जेडीए की तीन नई आवासीय योजनाओं का शुभारंभ

मुख्यमंत्री ने नगरीय विकास एवं आवासन मंडल की स्टॉल पर जयपुर विकास प्राधिकरण की तीन नई आवासीय योजनाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने अटल विहार, गोविन्द विहार तथा पटेल नगर आवासीय योजना का शुभारंभ करने के साथ ही तीनों आवासीय योजनाओं की बुकलेट का विमोचन किया। इस दौरान शर्मा ने जेडीए में ई-साइन के माध्यम से पेपरलैस नाम हस्तानान्तरण की प्रक्रिया का भी शुभारंभ किया। शर्मा ने सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगाई गई इस प्रदर्शनी में कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग, सहकारिता विभाग, आरसीडीएफ (डेयरी), गौपालन विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, श्रम एवं नियोजन, सार्वजनिक निर्माण, परिवहन एवं सड़क सुरक्षा, सूचना एवं प्रौद्योगिकी, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, आयोजना, राजस्थान आवासन मण्डल, नगरीय विकास विभाग, जयपुर विकास प्राधिकरण, स्वायत्त शासन, सूचना एवं जनसम्पर्क, शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, उद्योग, ऊर्जा, गृह, वन,पर्यटन सहित अन्य विभागों द्वारा एक साल में लिए गए फैसलों,विकास कार्यों, योजनाओं एवं उपलब्धियों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी से आमजन को सरकार के कल्याणकारी फैसलों, कार्यक्रमों, नीतियों और योजनाओं की जानकारी मिल सकेगी।

### राज सखी (सरस) राष्ट्रीय मेला का किया शुभारंभ

मुख्यमंत्री ने जवाहर कला केन्द्र में राज सखी (सरस) राष्ट्रीय मेला- 2024 का द्वीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया। उन्होंने राजसमन्द की मीनाकारी, जयपुर की ब्लूपॉटरी, जम्मू की पश्मीना शॉल सहित विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने मेले में जीआई टैग के उत्पादों को देखकर इनकी संख्या में बढ़ोतरी के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास श्रेया गुहा ने मुख्यमंत्री को राष्ट्रीय मेले में लगाई गई विभिन्न स्टॉलों के बारे में जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने एम्बुलेंस, इन्टरसेप्टर एवं पेट्रोलिंग वाहनों को दिखाई हरी झंडी शर्मा ने सवाई मानसिंह स्टेडियम से 'सुरक्षा एवं सुगमता का संकल्प' समारोह में 101 एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस, 25 पुलिस पेट्रोलिंग वाहन, 22 पुलिस इंटरसेप्टर वाहन एवं 750 मोटरसाइकिलों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही, मुख्यमंत्री ने महिला सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए 150 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट्स को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान शर्मा ने प्रदेश में सुरक्षा एवं शांति के प्रतीक स्वरूप आसमान में गुब्बारें छोड़े।

### ये गणमान्य रहे मौजूद

इस दौरान उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, नगरीय विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, सांसद मदन राठौड़, जयपुर नगर निगम ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर, पुलिस महानिदेशक यू.आर.साहू, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनंद कुमार, प्रमुख शासन सचिव सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग आलोक गुप्ता, आयुक्त सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग विजय पाल सिंह सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं आमजन मौजूद रहे।

# शाहपुरा में टीम आलोक बेनीवाल ने जनप्रिय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिवस पर आयोजित किये जनकल्याणकारी कार्यक्रम

## उपजिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को बांटे फल, गायों को खिलाया हरा चारा

चमकता राजस्थान



**शाहपुरा (खलील कुरैशी)।** शहर के उपजिला चिकित्सालय में रविवार को टीम आलोक बेनीवाल के द्वारा राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्म दिवस पर पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल के दिशा निर्देश अनुसार शहर के उप जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को पिंड खजूर, सेव व बिस्किट नमकीन और पानी की बोतल बांटी गई । नगर परिषद के सदस्य पुनीत भगेरिया,एससी एसटी महा संगठन के विधानसभा अध्यक्ष राजेश मंडोवरा, पार्षद इंदर राज पलसानिया, पार्षद लालचंद जाट व ईएनटी डॉ ओमप्रकाश भदालिया ने बताया कि टीम आलोक बेनीवाल के द्वारा श्याम मंदिर की गौशाला में, घासीपुरा की गौशाला में व खोरी की गौशाला में गायों के लिए हरा चारा पहुंचाया गया और राजकीय उप जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों व राहगीरों को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिन पर फल वितरित किये गये इस दौरान टीम आलोक बेनीवाल से पूर्व पार्षद अनिल नरवल, भाजपा नगर उपाध्यक्ष राजेश पलसानिया, बंशीधर खटावलिया, युवा नेता नंदू चावला, वार्ड अध्यक्ष सीताराम मेहरा, नर्सिंग ऑफिसर ओमप्रकाश प्रजापत, गोवर्धन लाल सैनी सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

# राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने पीपलांत्री में देखे पर्यावरण संरक्षण के कार्य

## अटल भूजल योजना अंतर्गत विकास कार्यों का किया शिलान्यास

चमकता राजस्थान




**जयपुर!(खलील कुरैशी) 15 दिसंबर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को राजसमंद जिले के पीपलांत्री में पद्मश्री श्यामसुंदर पालीवाल एवं सरपंच अनिता पालीवाल के नेतृत्व में किए गए पर्यावरण संरक्षण के कार्यों का अवलोकन किया। पद्मश्री पालीवाल ने उनकी बेटी की स्मृति में लगे प्रथम पेड़ से दौरे की शुरुआत कर पीपलांत्री में हुए विभिन्न कार्यों से अवगत कराया। पालीवाल ने बताया कि कभी यह बंजर जमीन हुआ करती थी जहां जल स्तर भी काफी नीचे था, लेकिन सामूहिक प्रयासों से आज यहाँ चारों ओर सुंदर वन दिखाई देता है। महामाहिम राज्यपाल ने इस अवसर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। राज्यपाल बागडे ने यहाँ अटल भूजल योजना के तहत स्वीकृत विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया। साथ ही बेटी, पानी, पेड़, गोंछ भूमि और वन्यजीवों को संरक्षण प्रदान करते हुए ग्रामीण पर्यटन के विकास को बढ़ावा देने के समस्त प्रयासों को सराहा।

## ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी ने बढ़ाया प्रदर्शनी का आकर्षण

# राज्य सरकार की प्रथम वर्षगांठ पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा तीन दिवसीय 'एक वर्ष परिणाम उत्कर्ष'राज्य स्तरीय प्रदर्शनी प्रारंभ

चमकता राजस्थान



**जयपुर!(खलील कुरैशी) 15 दिसम्बर।** राइजिंग राजस्थान ग्लोबल समिट का आयोजन हाल ही में किस उद्देश्य से किया गया ? पीकेसी (संशोधित ईआरसीपी) योजना के लिए राजस्थान सरकार ने किस प्रदेश के साथ एमओयू किया है ? अवनी लेखरा किस खेल से संबंधित हैं ? ऐसे ही प्रश्नों का सही जवाब देकर रविवार को बड़ी संख्या में लोगों विशेषकर युवाओं ने आकर्षक प्राइज जीते।मौका था राज्य सरकार की एक साल की उपलब्धियों पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा जवाहर कला केन्द्र में आयोजित की जा रही तीन दिवसीय 'एक वर्ष परिणाम उत्कर्ष 'राज्य स्तरीय प्रदर्शनी, जो रविवार से प्रारंभ हुई। प्रदर्शनी के प्रथम दिन सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा संचालित की जा रही ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी ॅ''७ के माध्यम से सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों पर पूछे जा रहे ऐसे सवाल दर्शकों के आकर्षण का केन्द्र रहे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया। उन्होंने प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों के 23 स्टॉल्स का अवलोकन किया एवं सरकार की उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने के लिए सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के इस प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री प्रेम चंद बैरवा, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल, नगरीय विकास मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) श्री झाबर सिंह खर्रा एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया।सूचना एवं जनसम्पर्क आयुक्त डॉ. वी. पी. सिंह ने बताया कि इस प्रदर्शनी में राज्य सरकार की योजनाओं पर आधारित इंटर एक्टिव पैनल क्विज एवं पजल्स, लाइव मॉडल, वीडियो फिल्म्स, वीडियो वॉल आदि का प्रभावी संयोजन कर राज्य सरकार की उपलब्धियों को सुरूचिपूर्ण तरीके से प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी 17 दिसम्बर तक प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से शाम 8 बजे तक आमजन के लिए खुली रहेगी। प्रदर्शनी में प्रतिदिन देश-प्रदेश के जाने-माने कलाकारों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी।

### इन प्रमुख विभागों की सहभागिता

सूचना एवं जनसम्पर्क आयुक्त ने बताया कि प्रदर्शनी में प्रमुख रूप से सूचना एवं जनसम्पर्क, कृषि एवं उद्यानिकी, पशुपालन, जल संसाधन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, ऊर्जा, उद्योग एवं वाणिज्य, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, नगरीय विकास, स्वायत्तशासन, सूचना प्रौद्योगिकी, शिक्षा, वन, सार्वजनिक निर्माण, गृह, परिवहन, महिला एवं बाल विकास, पर्यटन सहित अन्य विभागों की सहभागिता से सरकार की एक साल की उपलब्धियों को समाहित किया गया है। सभी विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी अपनी स्टॉल पर मौजूद रहे।प्रदर्शनी में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा सुजस कॉर्नर के माध्यम से प्रचार साहित्य का वितरण भी किया जा रहा है।प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं में दिखा उत्साह

प्रतीकात्मक रूप से 9 स्कूटीयों की चाबी सौंपी, 89 स्कूटी तथा दिव्यांगों को 24 स्कूटी का होगा वितरण

# प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दोगुनी करने के लक्ष्य पर हो रहा है तेजी से कार्य : गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम

चमकता राजस्थान

जयपुर! (खलील कुरैशी) 15 दिसंबर। राज्य सरकार के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्षय में आयोजित कार्यक्रमों की श्रंखला में आयोजित राज्य स्तरीय अंत्योदय सेवा शिविर कार्यक्रम का लाइव प्रसारण रविवार को खैरथल–तिजारा जिले में किया गया। कार्यक्रम में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने खैरथल-तिजारा जिले में प्रतीकात्मक रूप से मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के चार दिव्यांगों को स्कूटी, 20 दिव्यांगों को ट्राई साइकिल, पांच दिव्यांगों को व्हीलचेयर, कालीबाई भील स्कूटी योजना के तहत पांच मेधावी छात्राओं को स्कूटी देकर वितरण की शुरुआत की इसके साथ ही पांच लाभार्थियों को सोलर इलेक्ट्रिक कुकिंग सिस्टम, तीन दिव्यांगों को मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन सम्मान पेंशन योजना के तहत स्वीकृति पत्र, एक लाभार्थी को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत अनुदान राशि का चेक, पीएम विश्वकर्म योजना के 6, पीएम स्वनिधि योजना के तीन लाभार्थी, पीएम आवास योजना के तीन लाभार्थी को चेक दिए गए। कार्यक्रम के दौरान पुलिस साइबर सेल द्वा-रा बरामद 40 मोबाइल वापस किए गए।जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी का अवलोकन करने के दौरान उन्होंने जिले में हुए विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों की स्टॉल्स



पर उत्पादों की जानकारी भी ली। वहीं राजीविका की स्टॉल पर गृह राज्य मंत्री ने हाथ से बनाई जूतियों की प्रशंसा करते हुए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का हौसला बढ़ाया।इसके बाद उन्होंने जिला विकास पुस्तिका का लोकार्पण कर प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया से मुखातिब होते हुए राज्य सरकार एवं जिले की उपलब्धियां बताईं। उन्होंने इस दौरान मीडियाकर्मियों के सवालों के जवाब भी दिए आयोजित अंत्योदय सेवा शिविर को संबोधित करते हुए गृह राज्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश की अर्थव्यवस्था अब 15 लाख करोड़ रुपए की हो चुकी है, जिसे अब 30 लाख करोड़ यानी दोगुनी करने पर तेजी से काम किया जा रहा है। श्री बैढ़म ने अपील करते हुए कहा कि नए राजस्थान के नवनिर्माण में सभी अपना योगदान देवें। मंत्री बैढ़म ने पीएम सूर्य घर योजना का लाभ लेने की अपील करते हुए इसके बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के लिए कार्य कर रही है।

मंत्री बैढ़म ने कहा कि पिछले एक वर्ष में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान ग्रोथ रेट में पूरे देश में दूसरे स्थान पर पहुंच चुका है। बैढ़म ने जानकारी दी कि जनवरी 2024 से दिसंबर 2024 तक प्रदेश में अपराधों में 7.5 फीसदी एवं महिला अपराधों में 10.5 फीसदी की कमी आई है। उन्होंने रोजगार के क्षेत्र में राज्य सरकार के प्रयासों को बताते हुए कहा कि पिछले 1 वर्ष में 15338 से अधिक सरकारी नियुक्तियां दी गई हैं, वहीं हाल ही में 83934 हजार पदों पर वैकेंसीज जारी की गई हैं। उन्होंने जिले में हुए राइजिंग राजस्थान के तहत हुए एमओयू व विभिन्न विकास कार्यों की भी जानकारी दी। गोपालन मंत्री ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार के सुशासन के बारे में बताते हुए कहा कि गत बजट घोषणा के 60 फीसदी से अधिक कार्य पूरे कर लिए गए हैं, शेष पर भी तीव्र गति से काम जारी है, जो मार्च 2025 तक पूरे कर लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने जो वादे किए थे, उन्हें पूरे किये हैं। आगामी 4 सालों में भी जिले के विकास में कोई कसर नहीं रखी जाएगी।कार्यक्रम में विधायक तिजारा महंत श्री बालक नाथ योगी, जिला कलेक्टर किशोर कुमार, पुलिस अधीक्षक खैरथल मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक भिवाड़ी ज्येष्ठा मैत्रेयी सहित अनेक जनप्रतिनिधि नागरिकगण दूर दराज से आए सैकड़ो अंत्योदय लाभार्थी शामिल हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ पर अन्त्योदय शिविर

● **समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है योजनाओं का लाभः दौसा जिला प्रभारी मंत्री राठौड़**



**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 15 दिसम्बर।** दौसा जिला प्रभारी तथा उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार 'अन्त्योदय के भाव' के साथ कार्य करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। कर्नल राठौड़ रविवार को दौसा सूचना केन्द्र के सामने राज्य सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित अन्त्योदय शिविर में उपस्थित लाभार्थियों को संबोधित कर रहे थे।कर्नल राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की 140 करोड़ जनता की ताकत को पहचाना और सभी को सशक्त करने के संकल्प के साथ योजनाएं बनाकर क्रियान्वित की। हर व्यक्ति को हमारी जीडीपी को बढ़ाने में भागीदार बनाकर देश को मजबूत कर रहे हैं। हर मां-बच्चा स्वस्थ रहें और उन्हें पर्याप्त पोषण मिले। इसके लिए 80 लाख लोगों को मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत 25 लाख रुपए तक निःशुल्क इलाज मुहैया कराया जा रहा है। जन धन खाते खुलवाकर सभी लोगों को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ दिया है। मुद्रा योजना में 70 से 80 फीसदी लोन महिलाओं को देकर महिला सशक्तीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनधन, आधार और मोबाइल (खअट) के माध्यम से सभी बिचौलियों को खत्म कर दिया है और सभी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ पात्र लोगों तक पहुंच रहा है। प्रभारी मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने दौसा जिले के दिव्यांग लाभार्थियों को स्कूटी एवं ट्राइसाइकिल तथा स्ट्रीट वेंडर्स को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के ऋष्टा चेक वितरित किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री दिव्यांगजन योजना में 47 दिव्यांगों को स्कूटी, 246 दिव्यांगजनों को अंग उपकरण और स्वामी विवेकानन्द मुकबधिर विद्यालय कोलाना के 12 बच्चों को एचआई एवं खेलकूद किट देकर लाभान्वित किया। कार्यक्रम में बांदीकुई विधायक भागचंद टांकड़ा, दौसा जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार, जिला पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा उपस्थित थे।

### रमाकान्त गोस्वामी बने शाखा के दूस-रे टऊफ्ळ सदस्य, विकास अधिकारी अभिनव गोस्वामी को भी बधाई



**चमकता राजस्थान। धौलपुर रामदास तरुण।** धौलपुर शाखा के लग्नशील, महनती, ईमानदार और जुझारू धार्मिक अभिकर्ता रमाकान्त गोस्वामी (1113419ए) ने शाखा के दूसरे टऊफ्ळ सदस्य बनने का गौरव प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर उन्हें और उनके प्रेरणा स्त्रोत विकास अधिकारी अभिनव गोस्वामी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी गईं। रमाकान्त गोस्वामी का यह सफलता के मार्ग पर निरंतर मेहनत, समर्पण और कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने अपने कार्य क्षेत्र में धार्मिक आस्था और ईमानदारी के साथ लोगों की सेवा की है। इसके साथ ही, उनके प्रेरणास्त्रोत अभिनव गोस्वामी का मार्गदर्शन भी उन्हें हमेशा उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करता रहा है। शाखा के इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर पर संगठन के सभी सदस्य, अधिकारी और सहकर्मी खुशी और गर्व से भरे हुए हैं। इस अवसर पर सभी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और उनके इस सफलता के सफर को एक प्रेरणा के रूप में लिया।

## जयपुर नेशनल हाइवे पर ट्रेलर में पीछे से ट्रेलर टकराया

चालक की मौत मृतक की नही हुई शिनाख्त दोनों ट्रेलर क्षतिग्रस्त

चमकता राजस्थान

● **जयपुर हाइवे पर कौन कर रहा था वाहन चैकिंग यातायात विभाग या हाइवे पुलिस**



**हलैना (राजवीर सिंह)।** जयपुर नेशनल हाइवे स्थित नदबई उपखण्ड क्षेत्र के गांव हन्तरा-डहरा मोड के मध्य एक होटल के पास वाहनों की चैकिंग कर रहे हाइवे पुलिस और परिवहन टीम की लापरवाही के कारण जयपुर से भरतपुर की ओर जा रहे एक ट्रैलर में पीछे से दूसरा टेलर टकरा गया। जिस हादसे में पीछ वाले ट्रैलर की चालक की मौत हो गई। दोनों ट्रेलर के टकराने पर हाइवे पुलिस और परिवहन टीम में भगदड मच गई, जो हादसे में मृतक चालक और क्षतिग्रस्त वाहनों को नजर अन्दाज कर हाइवे को एक तरफा अवरूद्ध होने के बाद भी हादसा स्थल से भाग निकले और सूचना पर डहरा मोड पुलिस चौकी प्रभारी मुकेश कुमार मय जाप्ता के आए और ट्रेलर में फंसे चालक के शव को निकाला तथा क्षतिग्रस्त वाहनों को फोरलेन से हटवा कर यातायात चालू कराया। वाहन चालक व राहगीरों ने नेशनल हाइवे पर यात्री,चालक व वाहनों की सुरक्षा के नाम पर सुविधा शुल्क बसूलना और हादसे स्थल से मदद न कर भाग जाने पर हाइवे पुलिस एवं परिवहन टीम के प्रति नाराजी प्रकट की।

डहरा मोड पुलिस चौकी प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि जयपुर नेशनल हाइवे-21 स्थित लखनपुर थाना क्षेत्र के गांव हन्तरा-डहरा मोड के मध्य अन्जली होटल के निकट दो ट्रेलर के टकराने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना के बाद मय जाप्ता के घटना स्थल पहुंचे। जहां पीछे के ट्रेलर में उसका चालक फंसा हुआ था और ट्रेलर की केबिन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त थी। ट्रेलर से चालक के शव को निकाला गया और उसे कस्वा नदबई के उप जिला अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सको ने चालक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की सायं 6 बजे तक शिनाख्त नही हुई। उसके ट्रेलर पर अजमेर जिले के नम्बर इन्द्राज है। इससे पता चलता है कि मृतक अजमेर जिले का निवासी हो सकता है। मृतक चालक के ट्रेलर में सोयाबीन भरी हुई थी। आगे चल रहे ट्रेलर का चालक भी भाग गया,लेकिन उसका टेलर भी क्षतिग्रस्त हो गया। उन्होने बताया कि पुलिस के हादसे स्थल पर पहुंचने पर वहां पर मौजूद लोगों के बताया कि ये हादसा हाइवे पुलिस या परिवहन टीम के कारण हुआ है। जो वाहनों की चैंकिग कर रहे थे। आगे वाला ट्रेलर उन्होने रोका,तो पीछले वाला ट्रेलर उससे टकरा गया। उन्होने बताया कि ये हम नही कह सकते कि हादस कैसे हुआ। जो जांच का विषय है।

### धमाके की आवाज सुन भाग निकले

» जयपुर नेशनल हाइवे पर गांव हन्तरा और डहरा मोड के मध्य हाइवे पुलिस एवं परिवहन टीम वाहनों की चैंकिग कर रहे थे। जिससे फोरलेन पर वाहनों की कतार लग जाती। कई वाहन चालक व यात्रियों ने इसका विरोध भी जताया,लेकिन उनका कहना था कि आज मुख्यमंत्री का डीग–भरतपुर जिले के पूंछरी का लोठा आगमन है। इस लिए वाहनों की चैकिंग जारी है। इस दौरान जैसे ही दो ट्रेलर टकराए और उनके टकराने से हुई आवाज को सुन कर हाइवे पुलिस एवं परिवहन टीम के होश उड गए और भाग निकले। जो वाहन चालक एवं क्षेत्र के लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## शंभूपुरा थाना पुलिस की अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्यवाही,तस्कर फरार

● **बोलेरो पिकअप से 473 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा जब्त**




**चमकता राजस्थान। चित्तौड़गढ़ (बाबू अग्नानी)।** शंभूपुरा थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए एक बोलरो पिकअप से 27 कट्टों में भरा 473 किलो 250 ग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा जब्त किया है।जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ कार्यवाही करने के समस्त थानाधिकारियों को निर्देश दिए गए। इसी क्रम में एएसपी सरिता सिंह के निर्देशन व डीएसपी भदेसर अनिल शर्मा के सुपरविजन में थानाधिकारी शंभूपुरा ठाकरा राम उ.नि. थाने के जाप्ता एएसआई रघुवीर सिंह, कानि. मुकेश, कमलेश, दिनेश, प्रकाश व देवकिशन के साथ लोकल एवं स्पेशल एक्ट की कार्यवाही व थाना क्षेत्र में गश्त करते हुए बिलोदा चौराहा सरहद सेमलिया पहुंचे। जहां एक बोलेरो पिकअप को रूकवाने का ईशारा किया मगर उक्त वाहन बोलरो पिकअप के चालक व चालक के पास वाली सीट पर बैठा व्यक्ति अपने वाहन बोलरो पिकअप को 200 मीटर पहले ही रोड पर छोड कर अन्धेरे में खेतों में भाग गये। पुलिस द्वारा काफी तलाश की मगर रात के अन्धेरे में उक्त वाहन बोलरो पिकअप के चालक व उसके साथी का कोई पता नहीं चला।थानाधिकारी ठाकरा राम व पुलिस जाप्ता ने पिकअप की तलाशी ली तो उक्त बोलरो पिकअप में पिछे की बॉडी में रखे हुए कुल 27 कट्टों के अन्दर अवैध अफीम डोडा चुरा भरा हुआ मिला। जिसका कुल वजन 473 किलो 250 ग्राम अवैध अफीम डोडा चुरा हुआ। उक्त अवैध अफीम डोडा चुरा व तस्करी में प्रयुक्त बिना नम्बर बोलरो पिकअप को जब्त कर थाना शम्भुपूरा पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

चार दिवसीय दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर में हुआ दो हजार से अधिक उपकरणो का वितरण

# दिव्यांगजनो की आकांशाओ व अपेक्षाओ पर खरा उतरना सम्मान की बातः जिला कलक्टर

विधायक चंद्रभानसिंह आक्या व भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति के सौजन्य से आयोजन

चमकता राजस्थान

चित्तौड़गढ़ (बाबू अग्नानी) दिव्यांगजनो की सहायतार्थ शिविर आयोजित कर सभी की आकांशाओ व अपेक्षाओ पर खरा उतरना सम्मान की बात है। विधायक चंद्रभानसिंह आक्या व उनकी टीम साथ ही भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति इतने सुंदर आयोजन के लिए बधाई के पात्र है। यह विचार जिला कलक्टर आलोक रंजन ने रविवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मोत्सव व सरकार के सफलतम एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्षय में विधायक चंद्रभान सिंह आक्या व श्री भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति जयपुर शाखा अजमेर के सौजन्य से दिनांक 12 से 15 दिसम्बर तक स्टेशन रोड स्थित जैन धर्मशाला



चित्तौडगढ़ में आयोजित चार दिवसीय दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर के अंतिम दिन शिविर के अवलोकन के दौरान व्यक्त कि-ए। इस दौरान जिला कलक्टर ने दिव्यागजनो से सीधा संवाद स्थापित करते हुए अनेक दिव्यांगजनो को अपने हाथो से उपकरणो का वितरण किया। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी बीनू देवल ने भी शिविर का अवलोकन कर आवशय्क मार्ग दर्शन प्रदान किया।शिविर संयोजक रवि विराणी ने बताया कि रविवार को शिविर का अंतिम दिन होने से बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित हुए। चार दिवसीय शिविर में कुल दो हजार से अधिक दिव्यांगजनो को उपकरण वितरण कर लाभान्वित किया गया। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक ओम प्रकाश तोषनीवाल ने भी शिविर में उपस्थित होकर दिशानिर्देश प्रदान किये।शिविर संरक्षक अनिल ईनाणी ने बताया कि चार दिवसीय शिविर में कुल 20 ब्लाईंड स्टीक, 121 जयपुर फुट, 48 कृत्रिम हाथ, 364 कैलीपर, 158 बैसाखी, 556 कान की मशीन, 182 व्हीलचेयर, 342 ट्राई साईकिल, 6 कृत्रिम पेर, 215 बुजुर्ग छड़ी सहित कुल 2017 दिव्यांगजनो को उपकरण निःशुल्क वितरीत कर लाभान्वित किया गया। शिविर के समापन अवसर पर श्री भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति के अजमेर संभाग कोर्डिनेटर सुरेश मेहरा, शिविर प्रभारी कैलाश चन्द्र शर्मा सहित सम्पूर्ण सदस्यों का टीम आक्या द्वारा दुपट्टा ओढ़ाकर, श्रीफल भेंटकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया।इस अवसर पर भरत जागेटिया, भंवरसिंह खरड़ीबावड़ी, तेजपाल रेगर, ओमप्रकाश शर्मा, नवीन पटवारी, फतहलाल भड़कतिया, घीसु लाल भांबी, ओमप्रकाश जटिया, हेमराज मेघवाल, रेणु मिश्रा, विमला गटियानी, मिनु कंवर, रेखा शक्तावत, प्रेम कुमावत, चांदनी गौड, ममता चैहान, चुन्नी लाल माली, राजन माली, प्रदीप बोहरा, दिपक वर्मा, पंकज सेन, विनित तिवारी, शिवशंकर मेनारिया, नन्दलाल रेगर, विशाल गर्ग, विक्रम गवारिया, दिनेश मुंदड़ा, राजेन्द्रसिंह, पिन्टू मीणा, विष्णु सेन, कुलदीप शर्मा, उदय लाल धाकड, नरेन्द्र सिंह जवासिया, युवराज सिंह बिजयपुर, पप्पु लाल रेगर, सहित बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधि, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि व समाज कल्याण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ पर अंत्योदय सेवा शिविर का आयोजन

## अंत्योदय सेवा शिविर में विभिन्न वर्गों को मिली कल्याणकारी योजनाओं की सौगातें

चमकता राजस्थान।

**कोटपूतली-बहरोड़,(धर्मेंद्र बंसल) 15 दिसंबर।** राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ के उपलक्षय में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार को राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपूतली के सभागार में अंत्योदय सेवा शिविर का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जिला प्रशासन ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत दिव्यांगजनों और अन्य पात्र लाभार्थियों को सहायता प्रदान की। जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्चुअल माध्यम से लाभार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने दिव्यांगजनों, श्रमिकों, स्ट्रीट वेंडर्स, दस्तकारों, और अन्य जरूरतमंद लोगों के लिए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।जिला स्तरीय कार्यक्रम में कलेक्टर कल्पना अग्रवाल तथा कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल ने दिव्यांगजनों को 37 व्हीलचेयर और 41ट्राईसाईकिल, 9 ब्लाइंड स्टिक, 2 वाकर, 18 हियरिंग एड वितरित की। सहायता पाकर लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी झलक उठी। उन्होंने मुख्यमंत्री और राज्य सरकार का आभार प्रकट करते हुए इसे अपनी जीवनशैली में सुधार लाने का एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

### श्रमिकों को स्ट्रीट वेंडर्स के लिए मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना शुरू



**दिव्यांगों को मिली नई राहः जिला स्तरीय कार्यक्रम में ट्राईसाईकिल और व्हीलचेयर वितरित**

**ये रहे मौजूद**

जिला स्तरीय कार्यक्रम में कोटपूतली उपखंड अधिकारी बृजेश चौधरी, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक एमके जैन, समाज कल्याण विभाग के सहायक निदेशक रमेश दहमीवाल सहित जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, मीडिया कर्मियों सहित आमजन मौजूद रहे।

**दिव्यांगों की उत्साहित प्रतिक्रिया**

कार्यक्रम में ट्राईसाईकिल और व्हीलचेयर पाकर दिव्यांगजन काफी खुश नजर आए। एक लाभार्थी ने कहा, ₹यह साइकिल मेरे लिए एक नई आजादी की शुरुआत है। अब मैं अपने कार्यों को स्वतंत्र रूप से कर पाऊंगा। सरकार का यह कदम हमारे लिए वरदान है।₹

**कल्याणकारी योजनाओं की सौगात**

राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश को अनेक सौगातें दी । कार्यक्रम के दौरान अन्य योजनाओं के तहत श्रमिकों और दस्तकारों को भी विभिन्न लाभ वितरित किए गए।

**इन योजनाओं की हुई शुरुआत**

2 हजार दिव्यांगों को स्कूटी एवं 10 हजार विशेष योग्यजन को कृत्रिम अंग और उपकरणों का वितरण- दुर्लभ बिमारियों से पीड़ित बच्चों के लिए मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल संबल योजना का शुभारंभ - मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना प्रारंभ मुख्यमंत्री सद्भावना केन्द्र का शुभारंभ - विभिन्न योजनाओं में 2.15 लाख निर्माण श्रमिकों को 247.76 करोड़ रुपये का हस्तांतरण 5 हजार परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत प्रथम किस्त की डीबीटी

**मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना' की शुरूआत**

प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के तहत 11 हजार स्ट्रीट वेंडर को ऋण स्वीकृति पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत 18 ट्रेड्स के 30 हजार दस्तकारों को 2 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज अनुदान- प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आयुष्मान मॉडल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्वीकृति- आयुष्मान आरोग्य शिविर अभियान का शुभारंभ

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन चिलाचौंद के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में




**चमकता राजस्थान। धौलपुर रामदास तरुण।** धौलपुर जिले चिलाचौद गांव में राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन चिलाचौंद के ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर किया गया। शिविर का उद्घाटन डॉ. जयंती लाल मीणा (उटलड धौलपुर), ग्राम पंचायत चिलाचौंद के सरपंच प्रतिनिधि बच्चू सिंह मीणा, डॉ. गब्बर सिंह मीणा (इउटड बाड़ी) और जिला कार्यक्रम अधिकारी शशांक वशिष्ठ द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य सेवा कैंप में लाभार्थियों को नेत्र संबंधी समस्या, दंत रोग संबंधी समस्या, आभा आईडी, केवाईसी, आयुष्मान कार्ड बनवाना, निःशुल्क जांच, टउऊ स्क्रीनिंग, टीवी जांच, बच्चों एवं महिलाओं का टीकाकरण, सर्वे, प्रचार- प्रसार और दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर में आयुर्वेदिक विभाग और चिकित्सा विभाग द्वारा बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत लोगों को लाभान्वित किया गया।रेफर योग्य मरीजों को उच्च चिकित्सा संस्थानों के लिए रेफर किया गया। शिविर में शिविर प्रभारी डॉ. तुषार मैंनावत, डॉ. प्रज्ञा चौहान, श्रीदेव आनंद (खंड कार्यक्रम अधिकारी), राजवीर सिंह मीणा (नर्सिंग ऑफिसर), लक्ष्मण सिंह मीणा (एलटी चिलाचौंद) और आयुर्वेद विभाग के डॉ. श्याम सिंह मीणा समेत विभाग के सीएचओ और एएनएम उपस्थित रहे।

### सामाजिक सद्भावना मंच की बैठक आयोजित, अगली बैठक 2 फरवरी 2025 को होगी



**चमकता राजस्थान। धौलपुर रामदास तरुण।** बाड़ी उपखण्ड में हिंदू समाज द्वारा सामाजिक सद्भावना मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक नवाब पैलेस मैरिज होम में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से की गई। इस अवसर पर बाड़ी कस्बे के विभिन्न हिंदू समाज के जातीय संगठनों के प्रमुख व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया था।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रांत के सामाजिक सद्भावना प्रमुख दिनेश हलैना रहे, और कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी डॉ. शिवदयाल मंगल ने की। बैठक में हिंदू समाज की विभिन्न जातियों के प्रमुख व्यक्तियों ने समाजहित में अपने विचार व्यक्त किए। विचार व्यक्त करने वालों में अग्रवाल समाज के मुन्नालाल मंगल और भगवान दास बंसल, मीणा समाज से जिला अध्यक्ष किशन सिंह मीणा और जगदीश रावत, ब्राह्मण समाज से अध्यक्ष मुकेश बिधौलिया, डॉ. अमरीश पचौरी, सूबेदार मुकेश शर्मा, राजपूत समाज से सुरेंद्र सिंह परमार और दीपक परमार, जाटव समाज से पत्रकार रामदास तरुण और राजवीर सिंह पार्षद , कुशवाहा समाज से लखनलाल कुशवाहा और रिंकू कुशवाहा, कोली समाज से जमुना दास, गणपति और पूर्व चेयरमैन गयाप्रसाद कोली, बाबूलाल कुलश्रेष्ठ, बाल्मिक समाज से राघवेंद्र सिंह बागड़ी, सिख समाज से सरदार प्रेमसिंह और रामप्रसाद गोस्वामी, गुर्जर समाज से दिनेश गुर्जर सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य वक्ता दिनेश हलैना ने अपने संबोधन में कहा कि जातियों में आपसी सद्भाव, प्रेम और भाईचारा बढ़ाने के लिए आपस में नियमित संवाद होना जरूरी है। उन्होंने इस बैठक को उसी दिशा में एक कदम बताया और कहा कि यह बैठक आगे भी जारी रहेगी।

कार्यक्रम की शुरुआत में सामाजिक सद्भावना मंच के खंड प्रमुख डॉ. गोपेश पचौरी ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी और कार्यक्रम का संचालन भी किया। इस दौरान जिला सद्भावना प्रमुख देवेश शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम के अंत में सामाजिक सद्भावना मंच बाड़ी के संरक्षक डॉ. शिवदयाल मंगल ने सभी उपस्थितों का आभार व्यक्त किया। इस बैठक में कस्बे की लगभग 22 हिंदू समाज की जातियों के प्रमुख और प्रभावशाली गणमान्यजन उपस्थित थे। अगली बैठक 2 फरवरी 2025 को आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

## ग्रामीण इलाकों में सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान, अधिकारियों से सत्यापन की आवश्यकता

चमकता राजस्थान

**● जन अधिकार मंच बाड़ी धौलपुर के द्वारा दिया गया ज्ञापन**

धौलपुर रामदास तरुण। जिला धौलपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद धौलपुर को, ग्राम पंचायत नकसौदा के गांव जम्हूरा (वर्गी मोगिया अड्डा), ग्राम पंचायत सनौरा के गांव गड़रपुरा (सपेरा अड्डा) और ग्राम पंचायत मत्सूरा के गांव सण्डपुरा (सपेरा बस्ती) में निम्नलिखित समस्याओं के समाधान हेतु जन अधिकार मंच बाड़ी धौलपुर के द्वारा सौपा ज्ञापन मोगिया समुदाय, सपेरा समुदाय, को निम्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिनका तत्काल समाधान आवश्यक हैः

पीने के पानी की समस्या, रास्तों का अभाव, जॉब कार्ड नये बनवाने तथा कार्य शुरू करने की आवश्यकता, आवासीय पट्टे और आवास की कमी, निःशुल्क गेहूँ की प्राप्ति में समस्या, मिनी आंगनबाड़ी केन्द्र की आवश्यकता, *शमसान घाट के लिए भूमि का अभाव, अधूरे दस्तावेजों को पूरा करना और सरकारी योजनाओं से जोड़ना, ग्रामीणों का कहना है। कि सरकारी योजनाओं से जुड़ने के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जन आधार कार्ड आदि आवश्यक हैं। लेकिन इन दस्तावेजों को बनाने में कई समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। विशेषकर घुमंतू जाति और अन्य बस्ती के लोगों को गवाह न मिलने की वजह से आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज़ बनवाने में कठिनाई हो रही है। इसके अलावा, महिला आधार कार्ड बनवाने के लिए जन्म प्रमाण पत्र, मायके पीयर पक्ष से प्रमाणन जैसे दस्तावेज़ की आवश्यकता होती है, जो बहुत ही मुश्किल हो जाता है। इसी प्रक ार, कई ग्रामीणों को राशन कार्ड और आधार कार्ड बनाने के लिए गवाह की आवश्यकता पड़ती है, जिनकी उम्र 40 से 70 वर्ष तक होनी चाहिए, जो एक चुनौती बन जाता है। क्योंकि यह गवाह मिल पाना बहुत कठिन होता है। समाधान के रूप में यह सुझाव दिया गया है। कि अधिकारियों को शिविरों में सत्यापन के लिए सक्षम बनाना चाहिए ताकि इन ग्रामीणों की पहचान सही ढंग से स्थापित हो सके और वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। इस स्थिति में प्रशासन से निवेदन है। कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में दस्तावेज़ीकरण और सत्यापन प्रक्रिया को सरल बनाएं, ताकि इन गांवों के लोग सरकारी योजनाओं से जुड़कर उनका लाभ उठा सकें और उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। इस मौके पर राकेश कुमार, रामदास तरुण, डॉ. नवीन नारायण जयपुर।

## गायत्री शक्तिपीठ बाड़ी में अन्नकूट का आयोजन, सहयोग और उत्साह से सजा कार्यक्रम



**चमकता राजस्थान। धौलपुर रामदास तरुण।** बाड़ी स्थित गायत्री शक्तिपीठ बाड़ी में आज प्रातः एक कुंडीय यज्ञ का आयोजन हुआ, जिसके बाद दोपहर में अन्नकूट उत्सव मनाया गया। यह आयोजन शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में वेद मूर्ति तपोनिष्ठ परम पूज्य गुरुदेव आचार्य पंडित श्रीराम शर्मा के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर भक्तगण बड़े उत्साह से सामग्री लाने, परसने और वितरण में सक्रिय रूप से शामिल हुए, जिससे सहकारिता का अद्वितीय उदाहरण देखने को मिला। शक्तिपीठ के मुख्य समन्वयक प्रभाकर दीक्षित ने बताया कि इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्त्री, पुरुष और बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया और परम पूज्य गुरुदेव तथा माता गायत्री का आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य परस्पर सहयोग, मिलजुल कर कार्य करना, धार्मिक आस्था और अनुशासन की भावना को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक ओम प्रकाश शर्मा, द्वारका प्रसाद गोयल, उपमुख्य समन्वयक ऑफिस पचौरी, व्यवस्थापक रामबरन सिंह परमार, कोषाध्यक्ष राधेश्याम गोयल, डॉ. सुरेश मंगल, पीएमओ साहब, राधेश्याम गर्ग, एडवोकेट हरिओम बंसल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, मुरारी लाल शिवहरे, रामदास शिवहरे, योगेंद्र शिवहरे, जानकी प्रसाद शर्मा, एडवोकेट मुकेश कुमार कौशिक और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।

## मुख्यमंत्री के जन्म दिवस पर कई जगह लगे रक्तदान शिविर

चमकता राजस्थान



भरतपुर (राजवीर सिंह)।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिन व सरकार के एक साल पूरे होने पर नदबई उपजिला चिकित्सालय व मुख्यमंत्री के पैतृक गांव अटारी सहित दो अन्य जगह पर रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। इससे पहले उपजिला चिकित्सालय पर नगर पालिकाध्यक्ष हरवती सिनसिनवार, एसडीएम गंगाधर मीणा, हिम्मत सिंह, सत्येन्द्र सिंह गुड्डू, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा, संयोजक रोहित उपाध्याय, पूर्व पार्षद अरब सिंह व पूर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष अशोक उपाध्याय की मौजूदगी में विधिवत दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारम्भ हुआ। बाद में नदबई उपजिला चिकित्सालय पर करीब 57 कार्यकर्ताओं ने शिविर में हिस्सा लेते हुए रक्तदान किया। मुख्यमंत्री के पैतृक गांव अटारी में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें 35 कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया।

उधर, कस्बे के मुख्य बाजार में स्थित निजी आवास पर मेडीसन एसोसिएशन की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें अध्यक्ष अनिल गर्ग सेठी, सरंक्षक सुरेन्द्र हौलू मेहन्दीरत्ता,उपाध्यक्ष लोकेश खण्डेलवाल व कोषाध्यक्ष दिवाकर उपाध्याय के नेतृत्व में 30 कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया।

## दी बार एसोसिएशन जयपुर चुनाव परिणाम 2024-25

# संदीप लुहाड़िया अध्यक्ष निर्वाचित एवं मनीष गगरानी महासचिव पद पर हुए विजयी

चमकता राजस्थान





जयपुर (खलील कुरैशी) प्रदेश की करीब 230 एडवोकेट बार के चुनाव के लिए विगत शुक्रवार को मतदान हुआ। प्रदेश की कई जिला बार एसोसिएशन के परिणाम शुक्रवार को ही आ गए थे। वहीं सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के वन बार-वन वोट के नियमों के तहत हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जयपुर व दी बार एसोसिएशन जयपुर व दी डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सहित प्रदेश की करीब 230 पंजीकृत बार एसोसिएशन में 2024-25 के वार्षिक चुनाव के बाद शनिवार को मतगणना शुरू हुई इसी क्रम में दी बार एसोसिएशन जयपुर चुनाव में कांटे की टक्कर में संदीप लुहाड़िया अध्यक्ष पद पर 29 मतों से निर्वाचित हुए, जबकि महासचिव के पद पर मनीष गगरानी माहेश्वरी को निर्वाचित किया गया। इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता इकबाल कुरैशी ने बताया कि दी बार एसोसिएशन जयपुर चुनाव 2024-25 में संदीप लुहाड़िया को 1386 मत मिले जबकि

### साथी अधिवक्ताओं के सामुहिक टीम वर्क से मिली सफलताः संदीप लुहाड़िया

निकटतम प्रतिद्वंदी सोमेश शर्मा को 1357 मत मिले।मतगणना के दौरान रिजेक्ट मतपत्रों को लेकर विवाद हुआ था, लेकिन बाद में चुनाव संचालन समिति ने संदीप लुहाड़िया को विजयी घोषित किया। वहीं महासचिव के पद पर मनीष गगरानी ने उमेश चौधरी को 465 मतों से पराजित किया। मनीष को 1259 मत मिले और उमेश चौधरी को 794 मत मिले। इसके अलावा उपाध्यक्ष के दो पदों पर रमेश चन्द्र शर्मा व बीना कुमारी को निर्वाचित किया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी राम मनोहर शर्मा ने बताया कि संयुक्त सचिव के पद पर श्री कृष्णशर्मा, कोषाध्यक्ष के पद पर योजन शर्मा, सांस्कृतिक सचिव पद पर अंकित कपूर व उप कोषाध्यक्ष के पद पर आकाश कपूर को विजयी निर्वाचित किया गया है। गौरतलब है कि शुक्रवार को हुए दी बार एसोसिएशन जयपुर के चुनाव में कुल 4,880 में से 4303 मतदाताओं ने किया मतदान इस मौके पर संदीप लुहाड़िया के समर्थकों ने माल्यार्पण कर गर्मजोशी से संदीप लुहाड़िया का स्वागत कर विजयी श्री की बधाईयां प्रेषित करी

## संक्षिप्त खबरें

### 800 मीटर गहरी खाई में गिरी कार,एक की मौत

**देहरादून।** देहरादून जिले के कालसी क्षेत्र में रविवार को सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क से लगभग 800 मीटर नीचे गहरी खाई में जा गिरी। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया। दरअसल, कार सवार दंपति विकासनगर से कनवा की ओर जा रहे थे। रास्ते में कालसी से 10 किलोमीटर आगे कार अनियंत्रित होकर मुख्य सड़क से नीचे खाई में गिर गई। स्थानीय प्रशासन को हादसे की जानकारी मिलने पर एसडीआरएफ की पोस्ट डाकपत्थर से टीम एएसआई सुरेश तोमर के नेतृत्व में रेस्क्यू उपकरणों के साथ तत्काल मौके पर पहुंची।

### सड़क हादसे में महिला की मौत

**वाराणसी।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ व्यास बाग के समीप रविवार को सड़क पार कर रही महिला को तेज रफ्तार कार ने रौंद दिया। हादसे में महिला की मौत हो गई। सूचना पाकर क्षेत्रीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मृत महिला की शिनाख्त हरहुआ डीह निवासिनी पूनम शर्मा (28)के रूप में हुई। सूचना पाते ही मृत महिला के परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन आनन–फानन में दुर्घटना स्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### दो महिलाएं छीनाझपटी का शिकार

**फतेहाबाद।** जिले के टोहाना और फतेहाबाद शहर में दो महिलाओं के साथ बाईक सवार युवकों द्वारा छीना झपटी करने के मामले सामने आए हैं। दोनों मामलों में रविवार को पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पहले मामले में टोहाना पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नं. 15, भूना रोड, टोहाना निवासी नरेश कुमार ने कहा है कि उसकी पत्नी मिंटू रानी गत दिवस बराड़ चौक से सामान लेकर वापस घर आ रही थी। जैसे ही वह पप्पू केक वाले की दुकान के पास पहुंची तो इसी दौरान मोटरसाइकिल पर आए दो युवक उसके गले से करीब डेढ़ तोले सोने की चैन व लॉकेट तोडकर मौके से फरार हो गए।

### मकान की छत से गिरकर मजदूर की मौत

**कोरबा।** निमार्णाधीन मकान में बिना सुरक्षा उपकरणों के काम रहा मजदूर तीसरी मंजिल से सीधे नीचे जा गिरा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंची पाली पुलिस जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, पाली थाना के पास निमार्णाधीन तीन मंजिला मकान के ऊपरी हिस्से में ग्राम सैला निवासी 40 वर्षीय पंचराम रोहिदास, माखनपुर निवासी 56 वर्षीय आत्मा राम और मंगल सिंह प्लास्टर लगाने का काम कर रहे थे। इस दौरान पंचराम रोहिदास पैर फिसल जाने की वजह से सीधे जमीन पर जा गिरा।

### अरनिया सेक्टर में नशीले पदार्थों सहित ड्रोन बरामद

**जम्मू।** बीएसएफ ने अरनिया सेक्टर में नशीले पदार्थों सहित पाक ड्रोन को अपने कब्जे में लिया है। बीएसएफ ने एक प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर बताया की बीती रात लगभग 2010 बजे जम्मू के अरनिया सेक्टर में तैनात बीएसएफ जम्मू के सतर्क सैनिकों द्वारा एक तस्करी के प्रयास को विफल कर दिया गया जिसमें बीएसएफ के जवानों ने पाकिस्तानी ड्रोन को रोका और 495 ग्राम नशीले पदार्थ सहित पाक ड्रोन को जब्त कर लिया। अधिकारियों ने कहा कि बीएसएफकर्मियों के अथक समर्पण और तीखी निगरानी ने एक बार फिर राष्ट्र विरोधी तत्वों के नापाक मंसूबों को हरा दिया है।

### हेरोइन के साथ पति पत्नी गिरफ्तार

**जम्मू।** जिला पुलिस जम्मू ने मादक पदार्थों की तस्करी और मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए दो कुख्यात मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान राहुल सिंह जम्वाल पुत्र स्वर्गीय रोमेश सिंह जम्वाल निवासी रामा छन्नी व शगुन चंदेल उर्फ तन्नू जम्वाल पत्नी राहुल सिंह जम्वाल निवासी रामा छन्नी के रूप में हुई है। इनके कब्जे से गश्त के दौरान 28 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद किया गया है। इस संबंध में पुलिस स्टेशन छन्नी हिम्मत में एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8/21/22 के तहत एफआईआर संख्या 171/2024 दर्ज की गई है।

### सीएम भजनलाल के जन्मदिन पर प्रधानमंत्री मोदी समेत कई नेताओं ने दी शुभकामनाएं



**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिन पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत समेत देशभर की प्रमुख हस्तियों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है। जन्मदिन पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज वृंदावन जाएंगे, जहां वे गिरिराज जी की परिक्रमा करेंगे। इस दौरान वे पूंछरी स्थित श्रीनाथजी और गिरिराज जी की पूजा भी करेंगे। इसके बाद जयपुर के लिए रवाना हो जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को बधाई देते हुए लिखा है कि भाजपा के कर्मठ और कर्तव्यनिष्ठ नेता एवं राजस्थान के लोकप्रिय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई। जमीनी स्तर पर कार्य करने का उनका लंबा अनुभव राज्य के चहुंमुखी विकास में बहुत उपयोगी साबित हो रहा है। ईश्वर से उनके स्वस्थ और दीघार्यु जीवन की कामना करता हूं।

# विकसित राजस्थान के सपने को शत-प्रतिशत करेंगे पूरा : भजनलाल

- आध्यात्मिक खूबसूरती में इजाफा करते हुए श्रद्धालुओं को सुविधाएं प्रदान करेगा
- राज्य में एक तरफ हमारे तीर्थों का विकास हो रहा है



**जयपुर। एजेंसी**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि बंशीवाले गिरिराज महाराज के आशीर्वाद से हम विकसित राजस्थान के सपने को शत प्रतिशत पूरा करेंगे और प्रदेश समृद्धि की राह पर निरंतर अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि पूंछरी का लौठा और गोवर्धन परिक्रमा का विकास कार्य इस पावन धाम की आध्यात्मिक खूबसूरती में इजाफा करते हुए श्रद्धालुओं को सुविधाएं प्रदान करेगा। शर्मा रविवार को डीग में पूंछरी का लौठा एवं गोवर्धन परिक्रमा विकास परियोजना के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में एक तरफ हमारे तीर्थों का विकास हो रहा है, वहीं दूसरी तरफ तेजी से बुनियादी ढांचे का निर्माण भी हो रहा है। हम प्रदेश में सड़कों और नए एक्सप्रेस-वे का जाल बिछाने के अपने संकल्प पर निरंतर काम कर रहे हैं जिसका फायदा श्रद्धालुओं को भी मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गिरिराज परिक्रमा करने के लिए यहां देश-विदेश से हर साल करीब दो करोड़ श्रद्धालु आते हैं। 21 किलोमीटर की यह परिक्रमा बहुत से भारतीय परिवारों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गई है। नंगे पैर या दंडवत परिक्रमा करते श्रद्धालु, छप्पन भोग के प्रसाद से सजी झांकियां त्योहार का माहौल बनाती हैं।

उन्होंने कहा कि यह विकास परियोजना हमारे इस पावन धाम की आध्यात्मिक खूबसूरती में इजाफा करेगी। इसी तरह प्रदेश के जन-जन के आशीर्वाद से हम आध्यात्मिक विकास के सभी पावन कार्यों को पूर्ण करने का कार्य करेंगे। शर्मा ने कहा कि गिरिराज परिक्रमा में 1.2 किलोमीटर का राजस्थान में पड़ने वाला हिस्सा परिक्रमा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसमें श्रीनाथजी, पूंछरी का लौठा आदि प्रमुख मंदिर और अप्सरा एवं नवल कुंड जैसे कई पवित्र स्थल हैं। उन्होंने कहा कि पूंछरी में शीघ्र ही पूरे देश और दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं को सभी सुविधाएं मिल सकेंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गिरिराज परिक्रमा पथ के विकास को चार जोन में बांटकर विकसित करने की योजना बनाई है। आज पहले जोन का शिलान्यास हुआ है जिसमें श्रीनाथ जी मंदिर, पूंछरी का लौठा मंदिर, दाऊजी का मंदिर, गंगा मंदिर, नरसिंह जी मंदिर, मुखारबिंद, अप्सरा कुंड एवं नवल कुंड, फाउंटेन, राधा वाटिका, बोटेनिकल गार्डन, लोटस पौंड, मयूर वाटिका, विष्णु अवतार गार्डन का विकास करवाया जाएगा।

## गुलशेर अली को मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से मिला नवजीवन

**नाहन। एजेंसी**



हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष के माध्यम से सुनिश्चित हो रहा आर्थिक रूप से कमजोर तथा जरूरतमंद प्रदेश वासियों का इलाज। प्रदेश में संचालित विभिन्न जन-हितैषी एवं कल्याणकारी योजनाओं के साथ- साथ मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष द्वारा गंभीर बीमारियों से ग्रसित पात्र लाभार्थियों को प्रदेश तथा प्रदेश से बाहर इलाज पर खर्च होने वाली राशि सहायता अनुदान रूप में प्रदान की जा रही है।

ऐसे ही लाभार्थी जिला सिरमौर के विकास खण्ड पांवटा साहिब की ग्राम पंचायत गुलाबगड़ के 40 वर्षीय गुलशेर अली पुत्र आलमगीर का कहना है कि लगभग एक वर्ष पहले अचानक उनकी तबियत खराब हुई जिसके उपरांत उन्होंने स्थानीय अस्पताल में अपनी जांच करवाई। जहां उन्हें पता चला की उनकी किडनी पूरी तरह से खराब हो गई है। इसके अतिरिक्त स्थानीय चिकित्सकों द्वारा उन्हें पीजीआई चंडीगढ़ जाकर इलाज करवाने की सलाह दी गई। गुलशेर अली ने बताया कि जब वह पीजीआई में अपना इलाज करवाने गए तो चिकित्सकों ने उन्हें बताया कि उनकी किडनी खराब है तथा उनकी किडनी का ट्रांसप्लांट करना पड़ेगा। जब उन्होंने किडनी ट्रांसप्लांट पर होने वाले खर्च के बारे में जानकारी प्राप्त की तो उन्हें पता चला कि इस पर लगभग दो लाख रुपये खर्च होंगे।

उन्होंने बताया कि उनके परिवार में वृद्ध माता-पिता व पत्नी सहित दो बेटियां तथा एक बेटा है इन तीनों बच्चों की उम्र 15 वर्ष से कम है तथा तीनों बच्चे पढ़ाई करते हैं। उन्होंने बताया कि वह वाहन चालक है।

## विपक्ष की मानसिकता को समझें, वर्षों पहले हुए नरसंहार की चर्चा क्यों नहीं होती : योगी

**लखनऊ। एजेंसी**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रविवार को कहा कि प्रदेशवासियों को इनकी (विपक्ष) मानसकिता को समझना होगा। उन्होंने 46 साल पहले संभल में हुए नरसंहार को उठाते हुए विपक्ष पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि संभल में जिस मंदिर को साढ़े चार दशक पहले बंद कर दिया गया था, आज वह मंदिर सबके सामने आ गया है। इसने इनकी वास्तविकता को सबके सामने प्रस्तुत कर दिया। मुख्यमंत्री योगी एक मीडिया प्रतिष्ठान की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इसलिए आप सबसे कहता हूं कि हम सबको इनकी मानसिकता को देखना होगा। कल संसद में संविधान की चर्चा हो रही थी लेकिन मुद्दा संभल का उठ रहा था। संभल में क्या प्रशासन ने वह प्राचीन मंदिर रातों रात बना दिया? क्या वहां बजरंगबली का प्राचीन मंदिर वहां रातोंरात आ गया, क्या वहां निकला ज्योतिर्लिंग आस्था नहीं थी? उन्हें आज तक सजा क्यों नहीं मिली, जिन्होंने आज के 46 वर्ष पहले संभल के अंदर नरसंहार किया था। उन लोगों की चर्चा क्यों नहीं होती? उन निर्दोष लोगों का क्या दोष था, जिनकी निर्मम हत्या संभल के अंदर आज से 46 साल पहले हुई।

योगी ने कहा कि जो भी उस सच को बोलेगा, उसको धमकी दी जाएगी। उनका मुंह बंद कराने का प्रयास होगा। इसीलिए ये लोग कुम्भ के बारे में दुष्प्रचार करने का कुत्सित प्रयास करेंगे। लेकिन मैं धन्यवाद दूंगा उन प्रतिष्ठानों को जो कुम्भ से जुड़े आयोजन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आप मुझे बताओ अयोध्या में राम मंदिर के पक्ष में फैसला न आता, राम मंदिर न बन पाता तो अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बन पाता क्या? अयोध्या के अंदर की गलियां फोरलेन की बन पातीं क्या अयोध्या रेलवे की डबलिंग, बेहतरीन कनेक्टविटी हो पाती क्या ? आम जनमानस खुश है।

## एक नक्सल दंपति सहित पांच हार्डकोर नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा। एजेंसी**

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के नक्सल संगठन में सक्रिय एक नक्सली दंपति सहित पांच हार्डकोर नक्सलियों ने आज रविवार को आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पित नक्सलियों पर कुल 25 लाख रुपये के इनाम घोषित है।

आत्म समर्पित नक्सली 8 लाख की इनामी धन्नी उर्फ कलमू जोगी निवासी बडेसट्टी कोंगोंडीपारा सुकमा, 8 लाख के इनामी सोनू उर्फ अभय का सुरक्षा गार्ड पार्टी सदस्य अनवेश उर्फ आकाश उर्फ वेट्टी भीमा निवासी कोमलपाड थाना किस्टाराम जिला सुकमा, 5 लाख के इनामी दक्षिण बस्तर डिवीजन कम्युनिकेशन टीम कमाण्डर, अतिरिक्त प्रभार डिवीजन कमाण्ड सदस्य, एसीएम मौसम महेश पिता स्व. कन्ना 35 वर्ष गगनपल्ली, कलगुड़ापारा थाना एराबोर जिला सुकमा, 2 लाख के इनामी दक्षिण बस्तर डिवीजन आईटीम पार्टी सदस्या 33 वर्षीय हेमला मुन्नी पत्नी मौसम महेश निवासी दुबमरका थाना किस्टाराम जिला सुकमा और 02 लाख के इनामी दक्षिण बस्तर डिवीजन सीएनएम पार्टी सदस्या 23 वर्षीय माड़वी पोज्जे पत्नी देवा मुचाकी निवासी साकलेर थाना किस्टाराम जिला सुकमा ने नक्सल संगठन को छोड़कर समाज की मुख्यधारा में जुड़ने के उद्देश्य से 15 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, एसपी किरण चव्हाण, डीआईजी ऑफिस सुकमा द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह, एएसपी अभिषेक वर्मा, एसडीओपी परमेश्वर तिलकवार, एएसपी अधीक्षक नक्सल ऑप्स मनीष रात्रे के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण कर दिया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**फतेहाबाद।** भट्टूकलां के गांव ढाबी कलां में संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की मौत होने का समाचार है। मृतका के परिजनों ने उसके ससुरालजनों पर उसे जलाकर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस ने रविवार को मृतका के पति सहित अन्य ससुरालजनों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले में सीन आफ क्राइम की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस को दी शिकायत में सिरसा के गांव नाथूसरी चौपटा निवासी हनीफ ने कहा है कि उसके भाई अलियास की 2005 में मौत हो गई थी। इसके बाद उसकी भतीजी जुमिया उर्फ सादिया उसके पास रहती थी और उसे मिरगी के दौरे आते थे। उसने 2019 में सादिया की शादी अमीर खान पुत्र साबुदीन निवासी ढाबी कलां के साथ करवा दी थी।

## प्रयागराज कुंभ विश्व का सबसे बड़ा मेला : प्रवीण तोगड़िया



**कौशांबी। एजेंसी**

कानपुर से प्रयागराज कुंभ जा रहे अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद नेता प्रवीण तोगड़िया ने सैनी कस्बे में रुककर कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया। मीडिया से बात कर उन्होंने कुभ में आगंतुक यात्रियों को चाय वितरण करने, कम्बल वितरण एवं भंडारे चलाने का आवाहन किया है। इसके अलावा प्रवीण तोगड़िया ने कुंभ को विश्व का सबसे बड़ा मेला बताया। जहां एक साथ 30 से 40 करोड़ लोग आते है। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद नेता प्रवीण तोगड़िया ने बताया, महाकुंभ प्रयागराज में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद कैंप लगाकर यात्रियों को भारी मात्रा में चाय कंबल एवं भंडारे का वितरण कर सेवा करेगा।

प्रवीण तोगड़िया ने 46 साल बाद संभल मे मंदिर खुलने पर कहा कि अच्छी बात है, सभी मंदिरो को खुलना चाहिए और पूजा होना चाहिए। मंदिर इतने दिन बंद रहा ये दुःख की बात है। अब मंदिर खुल गया है। ये खुशी की बात है। प्रवीण तोगड़िया ने एक देश एक चुनाव पर कहा कि प्रपोजल आने दीजिये लोग क्या कहते है फिर हम भी कहेंगे।

### चंडीगढ़-शिमला हाइवे पर दो कारों में भिड़ंत

**शिमला।** शिमला-चंडीगढ़ नेशनल हाइवे पर स्थित संकटमोचन मंदिर के पास रविवार की सुबह दो कारों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में एक कार सड़क पर पलट गई और उसके चालक को गंभीर चोटें आईं हैं। हादसा का कारण ओवर स्पीड बताया जा रहा है। हादसा उस वक्त हुआ जब शिमला की एक टैक्सी और दिल्ली नंबर की एक कार तेज गति से आ रही थीं। जानकारी के अनुसार टैक्सी चालक अपनी गाड़ी से अचानक रास्ता बदलने की कोशिश कर रहा था। इसी बीच दिल्ली नंबर की कार ने टैक्सी को टक्कर मार दी, जिससे टैक्सी सड़क पर पलट गई। इस टक्कर में टैक्सी चालक बुरी तरह से घायल हो गया, जिसे आईजीएमसी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं दिल्ली नंबर की गाड़ी भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि गाड़ी में सवार लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं। टक्कर के बाद यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। इस घटना के कारण सड़क पर लंबा जाम लग गया, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी हुई। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने पाया कि यह हादसा ओवर स्पीडिंग व लापरवाही के कारण हुआ है।

## नेपाल-भारत के बीच वाणिज्य सचिव स्तरीय वार्ता 9-10 जनवरी को काठमांडू में

**काठमांडू। एजेंसी**



नेपाल और भारत के बीच वाणिज्य सचिव स्तर की वार्षिक बैठक काठमांडू में होने जा रही है। नेपाल-भारत व्यापार और परिवहन अंतर-सरकारी समिति (आईजीसी) के नाम से होने वाली यह वार्षिक बैठक 9 और 10 जनवरी को होना तय हुआ है। नेपाल के वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता बाबूराम अधिकारी ने बताया कि दोनों देशों के बीच वाणिज्य सचिव स्तर की आईजीसी बैठक पिछली बार दिल्ली में होने के कारण इस बार काठमांडू में होना तय हुआ है। इस समय वाणिज्य मंत्रालय भारत के साथ वार्ता के लिए एजेंडा का मसौदा तैयार कर रहा है।

मंत्रालय के प्रवक्ता के मुताबिक, संबंधित सभी पक्षों से चर्चा के बाद मसौदा तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में दोनों देशों के बीच वार्ता के एजेंडे के शुरूआती मसौदे का आदान-प्रदान किया जाएगा। मंत्रालय के प्रवक्ता अधिकारी ने बताया कि आईजीसी की बैठक में मुख्य रूप से व्यापार, परिवहन और निवेश पर केंद्रित एजेंडे पर चर्चा होगी। नेपाल के तरफ से वाणिज्यिक संधि में संशोधन पर जोर दिया जा रहा है।

इसी तरह, पारगमन संधि के प्रोटोकॉल में अधिक स्पष्टता और संशोधन का एजेंडा भी समावेश किए जाने की जानकारी प्रवक्ता ने दी है। नेपाल अपने यहां से भारत में होने वाले वस्तुओं के निर्यात को सुविधाजनक बनाने, व्यापार घाटे को कम करने, गुणवत्ता परीक्षण की सुविधा और नेपाल में भारतीय निवेश बढ़ाने के एजेंडे को भी शामिल कर रहा है। प्रवक्ता बाबूराम अधिकारी ने कहा कि आईजीसी बैठक के लिए हमारे ज्यादातर एजेंडे पुराने हैं। उन्होंने कहा, ''व्यापार और पारगमन समझौतों और प्रोटोकॉल की समीक्षा करना हमारा नियमित एजेंडा है तथा निर्यात और निवेश भी प्रमुख एजेंडा है।

भारतीय पक्ष का एजेंडा आदान प्रदान होने के बाद दोनों पक्षों में सहमति है पर अंतिम एजेंडा तय किया जाएगा।

**सेवा का प्रतीक** अरुणाचल प्रदेश में कर्तव्य पथ पर वीरगति को प्राप्त जवान सुनील नाथ को श्रद्धांजलि

# दिवंगत जवान का बलिदान कभी नहीं भुलाया जा सकेगा : गणेश

**देहरादून। एजेंसी**



अरुणाचल प्रदेश के मणिपुर में तैनात 49वीं बटालियन आईटीबीपी के वीर जवान सुनील नाथ गोस्वामी (54) के हृदय गति रुकने से वीरगति को प्राप्त हो गए। जवान को श्रद्धांजलि देने रविवार को सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी उनके देहरादून स्थित आवास पहुंचे। मंत्री जोशी ने जवान के परिवार से मुलाकात कर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। मंत्री जोशी ने कहा कि सुनील नाथ गोस्वामी जैसे वीर जवानों का बलिदान राष्ट्र के प्रति उनकी निष्ठा और सेवा का प्रतीक है। राज्य सरकार और पूरा उत्तराखंड उनके परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से भी जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की गई है और परिवार को हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।

परिवार को ढांढस और सहायता का भरोसा मंत्री ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि सरकार उनके परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि दिवंगत जवान का यह बलिदान कभी नहीं भुलाया जा सकेगा।

ड्यूटी के दौरान हुई आकस्मिक मौतआईटीबीपी के जवान सुनील नाथ गोस्वामी अरुणाचल प्रदेश के मणिपुर क्षेत्र में अपनी ड्यूटी पर तैनात थे। बीते शुक्रवार को कर्तव्य निर्वहन के दौरान हृदय गति रुकने से उनका निधन हो गया। 54 वर्षीय सुनील नाथ गोस्वामी ने पूरे समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश की सेवा की थी। उनके निधन से आईटीबीपी और उनके साथियों में भी शोक की लहर है।

राज्य की जनता ने भी व्यक्त किया शोकदेहरादून और आसपास के क्षेत्र में जब इस दुखद घटना की खबर फैली तो स्थानीय लोगों ने भी गहरी संवेदना व्यक्त की। लोगों ने वीर जवान के परिवार के प्रति सहानुभूति प्रकट करते हुए उनके बलिदान को नमन किया।सैनिक कल्याण मंत्री के दौरे के दौरान कई वरिष्ठ अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। उन्होंने जवान की स्मृति को सम्मानित करने और उनके परिवार की देखभाल सुनिश्चित करने की बात कही।

## शेख हसीना को शरण देना केंद्र सरकार की बड़ी राजनीतिक भूल : अविमुक्तेश्वरानंद

**हरिद्वार। एजेंसी**



बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हो रही हिंसा पर जहा पूरे देश में आक्रोश है। वहीं स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने इस हिंसा को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसे भारत सरकार की विफलता करार दिया। उन्होंने कहा कि वहा की अपदस्थ प्रधानमन्त शेख हसीना को भारत में शरण नहीं दी जानी चाहिए थी। कनखल स्थित शंकराचार्य आश्रम में पत्रकारों से वार्ता करते हुए स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हो रही हिंसक घटनाओं को बेहद निंदनीय करार देते हुए कहा कि यह भारत सरकार की विफलता है। जिस देश के नागरिकों में वहां की सरकार के प्रति रोष हो और उसको उखाड़ फैका हो, उसी सरकार की अपदस्थ प्रधानमन्त्री शेख हसीना को केंद्र की मोदी सरकार ने भारत में शरण देकर वहां के बहुसंख्यक समाज को भड़काने का अवसर दिया। जिसकी प्रतिक्रिया हिन्दुओं के खिलाफ वहा हिंसा के रूप में देखी जा रही है। उन्होंने इसे केंद्र सरकार की बड़ी राजनीतिक भूल करार दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### गोपाल यादव ने की धुआंधार बल्लेबाजी, तारिक क्रिकेट क्लब ने जीता मैच



**लखनऊ।** मैन ऑफ द मैच गोपाल यादव (51) के तूफानी आतिशी अर्धशतक की बदौलत तारिक क्रिकेट क्लब ने अधीर दुबे स्मारक टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में केएसीसी को सात विकेट से पराजित कर पूरे अंक जुटाए। पंडित रास बिहारी तिवारी स्टेडियम पर केएसीसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 6 विकेट पर 139 रन बनाए। मध्य क्रम में इस्लाम ने 28 गेंदों पर 5 चौके व 2 छक्के से सर्वाधिक 45 रन बनाए। उनके अलावा गुरबिंदर सिंह ढिल्लो (23) व सबीर (18) ही टिक कर खेल सके। तारिक क्लब से हनी जाफरी व तेज नारायण ने 2-2 विकेट की सफलता पाई। फिरोज खान व गोपाल यादव को 1-1 विकेट की सफलता मिली। जवाब में तारिक क्रिकेट क्लब ने 13.2 ओवर में 3 विकेट पर 141 रन बनाकर मैच जीत लिया। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और शीर्ष दो बल्लेबाज 20 रन ही बना सके। डॉ. प्रियेश ने 23 रन जोड़े। वहीं विनोद सिंह ने 34 गेंदों पर 8 चौके से नाबाद 50 रन व गोपाल यादव ने 16 गेंदों पर 5 चौके व 4 छक्के से नाबाद 51 रन की अर्धशतकीय पारी खेल टीम को जीत दिलाई। विनोद ने डॉ. प्रियेश के साथ तीसरे विकेट के लिए 63 रन और गोपाल यादव के साथ चौथे विकेट के लिए 58 रन की साझेदारी की। केएसीसी से आजमी हुसैन, गुलरेज रिजवी व कामरान को 1-1 विकेट की सफलता मिली।

### वालीबाल प्रतियोगिता : कोलकाता ने मुंबई को दी मात, चंडीगढ़ ने बेंगलुरू को हराया



**लखनऊ।** स्टेट बैंक अन्तर्मण्डलीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कोलकाता ने मुंबई को ( पार्थ दास मैन ऑफ द मैच) हरा दिया। वहीं चंडीगढ़ ने बेंगलुरु को (सुरेश कुमार मैन ऑफ द मैच), मुंबई मेट्रो ने हैदराबाद को (रवि प्रकाश दुबे- मैन ऑफ द मैच) को कड़े संघर्ष कर 2-1 से हराया, जबकि तिरुवनंतपुरम ने हैदराबाद को (अनिल कुमार चंद्रन- मैन ऑफ द मैच), जयपुर ने भुवनेश्वर को ( अशोक कुमार- मैन ऑफ द मैच), अमरावती ने भोपाल को ( के. यशवंत मैन ऑफ द मैच), गुवाहाटी ने लखनऊ को ( सुरेश कुमार मीणा मैन ऑफ द मैच) तथा कोलकाता ने दिल्ली को ( मनजीत सिंह मैन ऑफ द मैच) को 2-0 से हराया। एसबीआईएसए के मंडल महामंत्री दिनेश कुमार सिंह तथा अजय पांडे, मंडल अध्यक्ष ने सभी मैन ऑफ द मैच के सम्मानित खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आशुतोष वर्मा व तारकेश्वर चौहान (डीजीएस द्वय), बृजेश तिवारी-एजीएस तथा अमित सिंह (को.) आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### तीनों चयनित खिलाड़ी रविवार को मुरादाबाद से प्रयागराज के लिए रवाना



**मुरादाबाद।** बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव संतोष कुमार क्षेत्री ने रविवार को बताया कि 16 दिसंबर से 18 दिसंबर तक प्रयागराज में होने वाली प्रदेश स्तरीय बॉक्सिंग टूर्नामेंट में मुरादाबाद की संजना, अनिका व अमरोहा कि दिव्यांशी का चयन हुआ है। यह तीनों चयनित खिलाड़ी सुबह प्रयागराज के लिए रवाना हो गई। संतोष कुमार क्षेत्री ने सब जूनियर बालिका वर्ग के इस टूर्नामेंट के लिए शुक्रवार व शनिवार को मंडल स्तरीय ट्रायल सोनकपुर स्टेडियम में हुए। इसमें बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव संतोष कुमार क्षेत्री ने बताया कि 14 साल उससे कम उम्र वाली बालिका खिलाड़ी ही इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकती हैं। मुरादाबाद की संजना नवंबर में स्कूल नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में प्रतिभाग कर संजना अनिका दिव्यांशी चुकी हैं।

# ब्रिसबेन टेस्ट मैच : स्मिथ-हेड के शतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 400 पार




- मेजबान टीम को 31 के स्कोर पर पहला झटका लगा
- उस्मान 54 गेंद में तीन चौके की मदद से 21 रन बनाकर आउट हो गए

**ब्रिसबेन। एजेंसी**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत यहां खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन का खेल खत्म हो गया। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में सात विकेट खोकर 405 रन बना लिए हैं। मिचेल स्टार्क 7 रन और एलेक्स कैरी 45 रन बनाकर नाबाद हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए ट्रेविस हेड ने 152 रन और स्टीव स्मिथ ने 101 रन की शतकीय पारी खेली। वहीं, भारतीय टीम की ओर से जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट लिए हैं। रविवार को मैच के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने 13.2 ओवर में बिना किसी विकेट के 28 रन से आगे खेलना शुरू किया। मेजबान टीम को 31 के स्कोर पर पहला झटका लगा। सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा 54 गेंद में तीन चौके की मदद से 21 रन बनाकर आउट हो गए। फिर 38 के स्कोर पर टीम का दूसरा विकेट गिरा और दूसरे सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी भी पवेलियन चलते बने। मैकस्वीनी 9 रन बना सके। 75 के स्कोर पर मार्नस लाबुशेन भी आउट होकर पवेलियन लौट गए। लबुशने केवल 12 रन बना सके।

इसके बाद स्टीव स्मिथ और ट्रेविस हेड ने पारी को आगे बढ़ाया। दोनों बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतक जड़ दिए। हेड ने जहां ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 115 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया, वहीं स्मिथ ने धैर्यपूर्वक बल्लेबाजी करते हुए 185 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। यह उनके टेस्ट करियर का 33वां शतक है। दोनों बल्लेबाजों ने 200 रन से ज्यादा की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 300 के आंकड़े के पार पहुंचाया। इस साझेदारी का अंत जसप्रीत बुमराह ने स्मिथ को आउट करके किया। स्मिथ 190 गेंदों में 12 चौकों की मदद से 101 रन बनाकर आउट हुए।

स्मिथ के बाद मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड को भी बुमराह ने पवेलियन भेज दिया। मार्श पांच रन बना सके, जबकि हेड ने 160 गेंद में 18 चौके की मदद से 152 रन बनाए। 385 के स्कोर पर ऑस्ट्रेलिया को सातवां झटका लगा। कप्तान पैट कमिंस 20 रन बनाकर आउट हुए। मिचेल स्टार्क सात रन और एलेक्स कैरी 45 रन बनाकर नाबाद हैं। भारत की ओर से अब तक जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट लिए जबकि मोहम्मद सिराज और नीतीश कुमार रेड्डी ने एक-एक विकेट हासिल किया है।

### विकास ने की धुआंधार बल्लेबाजी नगर आयुक्त ने जीता मैच

**लखनऊ।** नगर निगम क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में नगर आयुक्त ने प्रेस को नौ विकेट से हरा दिया। इस मैच में विकास सिंह ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए छह चौकों की मदद से 19 बाल पर 38 रन बनाये। प्रेस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में सात विकेट गवांकर 92 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज अजय शर्मा ने 11 रन का योगदान दिया। वहीं वरूण यादव ने चार चौकों की मदद से 35 रन बनाये। वहीं अन्य कोई भी बल्लेबाज दहाई अंक तक नहीं पहुंच पाया। प्रवीण राय ने आठ रन का योगदान दिया। वहीं नगर आयुक्त की टीम ने मात्र एक विकेट गवांकर 93 रन बना लिया और मैच को नौ विकेट से जीत लिया। सलामी बल्लेबाज सोनू भारती ने तीन चौकों की मदद से 24 रन बनाये। विकास सिंह ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए छह चौकों की मदद से 19 बाल पर 38 रन बनाये। आकाश कुमार ने 11 रन बनाये।

## सिमरन को गुजरात जायंट्स ने 1.90 करोड़ में खरीदा

**बेंगलुरु। एजेंसी**




महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के लिए बेंगलुरु में रविवार को खिलाड़ियों की नीलामी शुरू हो चुकी है। इस नीलामी में कुल 120 खिलाड़ियों पर बोली लग रही है। पहली बोली वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर खिलाड़ी डिएंड्रा डॉटिन पर लगी। उन्हें गुजरात जायंट्स ने 1 करोड़ 70 लाख रुपये में खरीदा। उनका बेस प्राइस 50 लाख रुपये था। उन्हें खरीदने में गुजरात जायंट्स और यूपी वॉरियर्स के बीच टक्कर देखने को मिली लेकिन अंत में गुजरात जायंट्स 1 करोड़ 70 लाख रुपये में खरीदने में कामयाब रही।

**अनकैप्ड खिलाड़ी जी कमलिनी को मुम्बई ने खरीदा-** अनकैप्ड खिलाड़ी जी कमलिनी को मुंम्बई इंडियंस ने 1.6 करोड़ रुपये की बोली लगाकर खरीदा है। 16 वर्षीय खिलाड़ी को खरीदने में दिल्ली कैपिटल्स ने भी दिलचस्पी दिखाई लेकिन अंत में बाजी मुंबई ने मारी।

**सिमरन शेख गई गुजरात में-** सिमरन शेख नीलामी में अभी तक खरीदी गईं खिलाड़ियों में सबसे महंगी खिलाड़ी हैं। उन्हें 1.9 करोड़ रुपये की बड़ी रकम देकर गुजरात जायंट्स ने अपनी टीम में शामिल किया है। सिमरन शेख को लेकर दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात जायंट्स में जंग देखने को मिली और बोली 1 करोड़ के पार पहुंच गई। इसके बाद भी बोली बढ़ती रही, लेकिन अंत में दिल्ली पीछे हट गई और 1.90 करोड़ में सिमरन को गुजरात जायंट्स ने ले लिया।

**प्रेमा रावत को आरसीबी ने खरीदा-** ऑलराउंडर प्रेमा रावत को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 1.20 करोड़ में खरीदा है। प्रेमा का बेस फाइस 10 लाख रुपये था। प्रेमा को खरीदने के लिए दिल्ली ने बोली की शुरूआत की लेकिन जल्द ही इसमें बेंगलुरु उतर गई और बोली 1 करोड़ के ऊपर पहुंच गई। आखिर में दिल्ली पीछे हट गई और बेंगलुरु ने 1.20 करोड़ में खरीद लिया।

## सोनम यादव एशिया कप में पाकिस्तान के छुड़ाए छक्के, लिए 4 विकेट

**फिरोजाबाद। एजेंसी**



फिरोजाबाद शहर की क्रिकेटर सोनम यादव ने रविवार को मलेशिया में हो रहे एशिया कप में पाकिस्तानी टीम के छक्के छुड़ा दिए। उन्होंने 4 ओवर में मात्र 6 रन देते हुए 4 विकेट लेकर देश, प्रदेश के साथ फिरोजाबाद जिले का नाम रोशन किया है। क्रिकेटर सोनम यादव फिरोजाबाद शहर के राजा का ताल की रहने वाली है। मलेशिया में अंडर-19 महिला एशिया कप खेला जा रहा है। रविवार को पहला मैच पाकिस्तान और भारत टीम के मध्य हुआ। इसमें पहले पाकिस्तान की टीम ने बल्लेबाजी की। भारतीय टीम की तरफ से सोनम यादव ने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में 6 रन देकर पाकिस्तान के 4 विकेट चटकाए।

शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड मिला साथ ही यह मैच भी भारतीय टीम ने जीता है। बेटी का मैच देखने के लिए परिजन सुबह से ही टीवी पर चिपके रहे। सोनम यादव के बेहतरीन प्रदर्शन से हर कोई उनकी तारीफ करता नजर आया। क्रिकेटर सोनम यादव के भाई अमन यादव ने बताया कि वह बहन को तैयारी कराने के लिए स्टेडियम लेकर जाते थे।

## एचपीयू फुटबॉल टीम अल्मोड़ा यूनिवर्सिटी को 1-0 से हराया

**शिमला। एजेंसी**



हिमाचल प्रदेश विश्विद्यालय (एचपीयू) की फुटबॉल टीम ने रविवार को जी.एन.ए यूनिवर्सिटी फगवाड़ा में चल रही अंतर विश्विद्यालय प्रतियोगिता में अपना पहला मैच एस.एस अल्मोड़ा यूनिवर्सिटी से 1-0 से जीत लिया है। टीम के लिए एक मात्र गोल आदित्य सिंधी ने किया। टीम का अगला मैच सोमवार को स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी पटियाला के साथ होगा। टीम कोच और मैनेजर डॉ. गौरव भारद्वाज और टीम मैनेजर हरीश शर्मा ने अपनी टीम के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त करते हुए अगले मैच में टीम के लिए हौंसले बुलंद होने की बात कही है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अगले मैच में भी टीम अच्छा प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त करेगी।

## शीतलहर के बीच मैराथन में दिखा धावकों का जज्बा

**जोधपुर। एजेंसी**



राजस्थान में जोधपुर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के बैंड पर देशभक्ति गीतों की धुन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, शीतलहर के बीच भरपूर जज्बे के साथ स्वच्छ, स्वस्थ और नशा मुक्त जोधपुर का संदेश देते हुए दौड़ते लोग, रविवार सुबह एमबीएम विश्वविद्यालय जोधपुर के निकट कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला। मौका रहा संस्कृति युवा संस्था और एसके फाइनेंस द्वारा आयोजित एसके जोधपुर मैराथन का। केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि मैराथन में हिस्सा लिया। अभिनेता राहुल देव और अभिनेत्री मुग्धा गोडसे ने भी धावकों की हौसला अफजाई की। हजारों धावकों ने तीन श्रेणियों 21 किमी एवं 10 किमी की टाइम दौड़ और तीन किमी की नॉन टाइम दौड़ में हिस्सा लेकर स्वस्थ रहने को प्रोत्साहित किया। आयोजक मुकेश मिश्रा ने बताया कि 15 हजार लोगों ने मैराथन में हिस्सा लिया। संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा, एसके फाइनेंस के डायरेक्टर यश सेतिया विशिष्ट अतिथि रहे। श्री मिश्रा ने बताया कि मैराथन में हिस्सा लेने के लिए धावकों का जोश देखते ही बनता था। तड़के ही धावक आयोजन स्थल पर एकत्रित होना शुरू हुए। सुबह साढ़े चार बजे पं. सुरेश मिश्रा ने 21 किमी की दौड़ को झंडा दिखाकर रवाना किया। धावकों ने एमबीएम विश्वविद्यालय के बाहर मुख्य मार्ग से होते हुए, भाटी सर्कल पुलिस लाइन रोड, अजित भवन सर्किट हाउस उम्मेद भवन गेट से मुड़ते हुए भाटी सर्कल रातानाड़ा सर्कल, पार्क प्लाजा पांच बत्ती सर्कल एयरफोर्स सर्कल, पांच बत्ती सर्कल से होते हुए वापस एमबीएम विश्वविद्यालय तक के दो चक्र पूरे किए।

सुबह साढ़े छह बजे 10 किमी की दौड़ को रवाना किया गया। उपरोक्त रूट के दो चक्र धावकों ने पूरे किए। सात बजे तीन किमी की दौड़ को रवाना किया गया। मुकेश मिश्रा ने बताया कि 21 किमी पुरुष कैटेगरी में अर्जुन प्रधान एक घंटे 12 मिनट 37 सैकंड में दौड़ पूरी करके प्रथम रहे, देवा राम ने एक घंटे 13 मिनट 39 सेकंड में और प्रेम पटेल ने एक घंटे 20 मिनट 19 सैकंड में दौड़ खत्म करके क्रमशः दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि 21 किमी महिला कैटेगरी में पूजा राठौड़ (एक घंटा, 53 मिनट, 08 सैकंड) द्वितीय और ज्योत्सना सिंह (2 घंटे, 28 मिनट, 25 सैकंड) क्रमशः प्रथम और द्वितीय रही।

## व्यापार

## टॉप 10 में शामिल पांच कंपनियों का मार्केट कैप 1.13 लाख करोड़ बढ़ा

- भारती एयरटेल को सबसे ज्यादा फायदा

**नई दिल्ली। एजेंसी**



घरेलू शेयर बाजार में सोमवार से शुक्रवार के कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से पांच कपनियों के मार्केट कैप में कुल 1,13,117.17 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। इस दौरान भारती एयरटेल के मार्केट कैप में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी हुई। वहीं टॉप 10 की शेष पांच कंपनियों के मार्केट कैप में कुल मिला कर 1,09,779.19 करोड़ रुपये की कमी हो गई।

टॉप 10 में शामिल कंपनियों के मार्केट कैप की यह स्थिति तब हुई, जब पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान बीएसई का सेंसेक्स 623.07 अंक यानी 0.76 प्रतिशत और एनएसई का निफ्टी 90.50 अंक यानी 0.36 प्रतिशत मजबूत हो गया। बीते सप्ताह के दौरान भारती एयरटेल के अलावा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और इंफोसिस के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हुई। वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), आईटीसी और हिन्दुस्तान यूनिलीवर के वैल्यूशन में गिरावट आई। सोमवार से शुक्रवार के बीच हुए कारोबार के दौरान भारती एयरटेल का मार्केट कैप 47,836.60 करोड़ रुपये बढ़ कर 9,57,842.40 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया। इसी तरह इंफोसिस का मार्केट कैप सोमवार से शुक्रवार तक हुए कारोबार के दौरान 31,826.97 करोड़ रुपये बढ़ कर 8,30,387.10 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

### स्विगी ने सीन्स सर्विस लॉन्च की

**मुंबई ।** फूड डिलिवरी प्लेटफॉर्म स्विगी ने अपनी सेवाओं में एक नई स्कीम जोड़ी है जिसका नाम है सीन्स, इस सर्विस के तहत उपयोगकर्ता इवेंट और टिकट बुक कर सकेंगे। स्विगी ने अपने डाइन-आउट सेक्शन में इस सर्विस को शामिल किया है और मुंबई और बैंगलोर में इसका लॉन्च किया गया है। यह सर्विस अन्य शहरों में भी जल्द ही उपलब्ध होगी। स्विगी के सीन्स के माध्यम से उपयोगकर्ता क्रिसमस, नया साल, लाइव प्रोग्राम और डीजे नाइट्स जैसे इवेंट्स के टिकट बुक कर सकेंगे। व्यापार बढ़ाने के लिए स्विगी इवेंट और टिकटिंग कारोबार में अपनी उपस्थिति मजबूत कर रही है। इसी बीच जोमैटो की तरह स्विगी भी नए एप्लिकेशन डिस्ट्रिक्ट के साथ मुकाबला कर रही है। डिस्ट्रिक्ट एप में मूवी, स्पोर्ट्स, इवेंट्स और रेस्टोरेंट्स के टेबल बुक करने की सुविधा दी जा रही है। हालांकि, स्विगी की सीन्स में मूवी टिकट बुक करने की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इस दौरान स्विगी की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है।

## चार कंपनियों के आईपीओ खुलेंगे, 12 शेयरों की होगी लिस्टिंग

**नई दिल्ली। एजेंसी**




सोमवार से शुरू हो रहे नए कारोबारी सप्ताह में चार कंपनियां अपने आईपीओ के जरिए प्राइमरी मार्केट में दस्तक देने वाली हैं। इनमें से दो कंपनियां मेनबोर्ड सेगमेंट की हैं, जबकि दो कंपनियां एसएमई सेगमेंट की हैं। इसके अलावा पिछले सप्ताह 12 और 13 दिसंबर को लॉन्च हुए चार आईपीओ में भी निवेशक इस सप्ताह 16 और 17 दिसंबर तक बोली लगा सकेंगे। इस सप्ताह 12 कंपनियों के शेयर भी स्टॉक मार्केट में लिस्ट हो सकते हैं। सप्ताह के दूसरे कारोबार दिन 17 दिसंबर को एनएसीडीएसी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का 10.01 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने वाला है। इस आईपीओ में 19 दिसंबर तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 33 से 35 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 4,000 शेयर का है। कंपनी के शेयर 24 दिसंबर को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे।

सप्ताह के तीसरे कारोबार के दिन 18 दिसंबर को आईडेंटिकल ब्रेन्स स्टूडियो का 19.95 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन होगा। इस आईपीओ की क्लोजिंग 20 दिसंबर को होगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 51 से 54 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 2,000 शेयर का है। कंपनी के शेयर 26 दिसंबर को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। सप्ताह के चौथे कारोबार के दिन 19 दिसंबर को ममता मशीनरी लिमिटेड का 179.39 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन होगा। इस आईपीओ की क्लोजिंग 23 दिसंबर को होगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 230 से 243 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 61 शेयर का है। कंपनी के शेयर 27 दिसंबर को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होंगे।

### विदेशी मुद्रा भंडार 3.24 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 654.9 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण भंडार में गिरावट होने से 06 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.24 अरब डॉलर लुढ़ककर 654.9 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.5 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 658.1 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 06 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.23 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 565.6 अरब डॉलर पर आ गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 4.3 करोड़ डॉलर गिरकर 66.9 अरब डॉलर रह गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 2.5 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में 1.2 करोड़ डॉलर के इजाफे के साथ 4.3 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रदेश कांग्रेस का राज भवन तक पैदलमार्च 18 को

**चमकता राजस्थान/जयपुर, 15 दिसम्बर।** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में बुधवार, 18 दिसंबर को प्रातः 11 बजे प्रदेश कांग्रेस द्वारा जयपुर के गवर्मेंट हॉस्टल स्थित शहीद स्मारक से राजभवन तक पैदल मार्च निकालकर उद्योगपति गौतम अडानी और उनके सहयोगियों पर अमेरिका के न्याय विभाग द्वारा लगाये गये आरोपों पर केन्द्र सरकार की उदासीनता एवं संसदीय चर्चा को जानबूझकर रोकने के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।

प्रदेश कांग्रेस के महासचिव एवं मीडिया प्रभारी स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि उद्योगपति गौतम अडानी तथा उनके सहयोगियों पर अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा लगाये गये गंभीर आरोपों ने भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और छल की कथित जालसाजी का पर्दाफाश किया है, इन आरोपों ने रिश्वतखोरी, मनी लॉन्ड्रिंग और बाजार में हेरफेर के एक परेशान करने वाले पैटर्न को उजागर किया है जो कि भारतीय व्यापार और वित्त की प्रतिष्ठा को धूमिल करते हैं। देश में पूंजी के संभावित पलायन से आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और समग्र विकास बाधित हो सकता है, किन्तु केन्द्र सरकार द्वारा संसदीय चर्चा को जानबूझकर रोकना और इस मुद्दे पर मौन रहना जिम्मेदारी और जवाब देने से बचने का एक चिंताजनक संकेत है। इसके साथ ही मणिपुर में हो रही लगातार हिंसा को रोकने में नाकाम रही भाजपा की प्रदेश सरकार और केन्द्र सरकार द्वारा हस्तक्षेप नहीं करने तथा प्रधानमंत्री के इस मुद्दे पर मौन रहने के विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस के निर्देशानुसार प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस द्वारा 18 दिसंबर, को प्रातः 11बजे जयपुर के शहीद स्मारक से राजभवन, सिविल लाइंस तक पैदल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस विरोध प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पार्टी के विधायक, विधायक प्रत्याशी, सांसद, सांसद प्रत्याशी, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी, एआईसीसी व पीसीसी सदस्य, जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष, नगर निकाय एवं पंचायत राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधि सहित प्रमुख कांग्रेस कार्यकर्ता भाग लेंगे।

### प्रदेश कांग्रेस कार्यकारणी की दो दिवसीय बैठक आज से

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में 16 तथा 17 दिसम्बर, को प्रातः 11 बजे प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों की अति आवश्यक बैठक होगी। प्रदेश कांग्रेस के महासचिव एवं मीडिया प्रभारी स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इंदिरा गॉंधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर 16 तथा 17 दिसम्बर, को प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों की बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में सम्पन्न होगी। बैठक में संगठनात्मक विषयों के साथ भविष्य की कार्य योजना पर चर्चा कर प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे।

### सुभाष चौधरी ने जीता गोल्ड



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** सिंगापुर जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप 10 से 15 दिसंबर 2024 गुलाबी नगरी जयपुर राजस्थान इंडिया के सुभाष चौधरी बॉयज अंडर 17 वर्ग में गोल्ड मेडल जीत राजस्थान इंडिया का नाम रोशन किया कोच खांगा राम चौधरी ने बताया कि सुभाष चौधरी नीरजा मोदी स्कूल 9 वी क्लास का स्टूडेंट है पहले राउंड में बाय मिली और दूसरे राउंड में ऑस्ट्रेलिया के इथान मिडिल्टन को 11-3,11-6,11-4, प्री क्वार्टर में मलेशिया के कविशन गणना ईश्वरन को 11-2,11-3,11-3, क्वार्टर फ़ाइनल में हांगकांग के सेज यूं लाइम वोंग को 11-7,11-2,12-10 और सेमी फ़ाइनल में मलेशिया के नितीश मणिमारन को 12-10,12-10,7-11,12-10, और फ़ाइनल मे मलेशिया के कैलाश रवि कुमार को 8-11,10-12,11-6,12-10,11-0,से हरा कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया सिंगापुर स्क्वैश टूर्नामेंट के असिस्टेंट डायरेक्टर यूके कीट ने गोल्ड मेडल से सम्मानित किया।

### श्री दिगंबरजैन पंचायत की ओर से चिकित्सा शिविर में 388 की जांच व दवाइयां निशुल्क दी।

**चमकता राजस्थान/फुलेरा(दामोदर कुमावत)।** कस्बे के श्री दिगम्बर जैन पंचायत के द्वारा योग प्रणेता चर्या चक्रवर्ती 108 मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज के आशीर्वाद से श्री दिगम्बर जैन पंचायत, फुलेरा के तत्वावधान में फुलेरा जन स्वास्थ्य चेतना अभियान के अन्तर्गत अनुभवी एवं वरिष्ठ चिकित्सकों के द्वारा रविवार को विभिन्न रोगो की निशुल्क जाँच, परामर्श एंव दवाइयां आयोजित शिविर में दी गई गयी। अध्यक्ष निलेश कुमार जैन 'बड़जात्या' ने बताया कि रविवार को प्रातः 9. बजे से जैन भवन, फुलेरा में आयोजित चिकित्सा शिविर में 388 लोगों ने निशुल्क परामर्श व जांच करवा कर निशुल्क दवाइयां प्राप्त की। इस मौके पर पूर्व विधायक निर्मल कुमावत ने कहा कि सामाजिक स्तर पर ऐसे शिविर आयोजित करने से जरूरतमंद लोगों की मदद होती है, ऐसे परोपकारी कार्य से अन्य को भी प्रेरणा मिलती है और जरूरतमंद लोगों की पूर्ति होती है इससे बड़ा परमार्थ दूसरा नहीं है। शिविर में डॉ,.केजी कुमावत, डॉ गौरव, डॉ दीपिका, डॉ संजय मल्होत्रा, डॉ सीता राम, डॉक्टर महेश कुमार, और डॉक्टर सुनील कुमार ने विभिन्न प्रकार के रोगियों की जांच व दवाइयां निशुल्क दी गई इस मौके पर ईसीजी, पी एफ टी, बीएमडी, बीएमआई, न्यूरोपैथी, यूरोफ्लोमेटरी, ब्लड सैंपल, सीबीसी, ब्लडशुगर, एचबी ए1सी, पीएसएच, यूरिक एसिड और पी एस ए आदि की निशुल्क जांच की गई जैन समाज अध्यक्ष निलेश बड जात्या ने बताया कि शिविर में व्यापार महासंघ, वरिष्ठ नागरिक परिषद, श्री राम द्वारा रामधन जोहरी लाल ट्रस्ट,व रेलवे पेंशनर समिति सहित सभी का सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक निर्मल कुमावत,राजकुमार गुप्ता, शक्ति सिंह, कमलेशटाक, थाना प्रभारी बाबूलाल मीणा, के आतिथ्य में शिविर प्रारंभ किया गया। जबकि जैन समाज के कैलाश बैनाडा, सुबोध छाबड़ा, सुरेश रावका, महावीरजैन,महेश रावका, विमल जैन, राकेश जेडी, संदीप लुहाडिया, अंकित काला, राजकुमार रावका, मंजू बेनाडा,राजुल काला, आदि उपस्थित थे।


# देसूरी की नाल में रुकेगा हादसों का सिलसिला

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया देसूरी की नाल का निरीक्षण

### आरएसआरडीसी, पीडब्ल्यूडी, और एनएचएआई को प्रभावी कार्ययोजना बनाकर स्थाई समाधान निकालने के निर्देश

**चमकता राजस्थान**





राजसमंद। पाली और राजसमंद (मारवाड़ और मेवाड़) को जोड़ने वाली देसूरी की नाल पर पर हो रहे सड़क हादसों के चलते उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रविवार को घाट क्षेत्र का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

उपमुख्यमंत्री ने यहां स्थित खतरनाक मोड़ों, तीव्र ढलानों और संकरी सड़कों को देखकर संबंधित विभागों (आरएसआरडीसी, पीडब्ल्यूडी, और एनएचएआई) को तत्काल सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान जयपुर, उदयपुर, राजसमंद और पाली से इन विभागों के अधिकारी जैसे राजस्थान राज्य सड़क विकास एवं निर्माण निगम (आरएसआरडीसी) के प्रबंध निदेशक सुनील जय सिंह, सार्वजनिक निर्माण विभाग के सचिव डी आर मेघवाल, एनएच (पीडब्ल्यूडी) के मुख्य अभियंता सतीश चंद्र अग्रवाल, पीडब्ल्यूडी अतिरिक्त मुख्य अभियंता अशोक कुमार शर्मा, राजसमंद पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता मगनीराम रैगर आदि मौजूद रहे। इस दौरान पाली जिला कलक्टर एल एन मंत्री भी पहुंचे जिन्होंने उपमुख्यमंत्री से विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

## एक महीने में सेफ्टी वॉल सहित अन्य सुरक्षा संबंधी कार्य होंगे पूर्ण, एलिवेटेड रोड की डीपीआर बनाने के निर्देश

उपमुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को सड़क के चौड़ाईकरण, क्रॉस बैरियर, रंबल स्ट्रिप लगाने और एलिवेटेड रोड की डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) बनवाने के निर्देश दिए। इन सुधारात्मक उपायों से इस मार्ग पर होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम संभव हो सकेगी और यात्रियों को यात्रा में सुरक्षा मिल सकेगी।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि देसूरी की नाल में अब तक कई जानलेवा हादसे हो चुके हैं, इस घाट सेक्शन को सुधारना सरकार की प्राथमिकता है, आगामी एक महीने में यहां अधिकतम सुरक्षा प्रबंधन किए जाएंगी, सेफ्टी वॉल संबंधी कार्य किया जाएंगे, साथ ही इसके स्थाई समाधान हेतु अधिकारियों के साथ चर्चा कर समाधान निकालने का प्रयास करेंगे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि गत सरकार में भी बतौर सांसद उन्होंने इस रोड को बेहतर बनाने के लिए प्रयास किए थे, अब डबल इंजन की सरकार में इस काम को हर हाल में पूरा किया जाएगा, देसूरी की नाल को सुधारना उनकी प्राथमिकता है।

देसूरी की नाल अरावली पर्वतमाला के बीच से गुजरती है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ खतरनाक ढलानों और तीखे मोड़ों के कारण कुख्यात है। इस 10 किलोमीटर लंबे मार्ग पर पिछले दो दशकों में कई बड़े हादसे हो चुके हैं। साल 2007 में यहां सबसे बड़ा सड़क हादसा हुआ था, जिसमें लगभग 90 व्यक्तियों की जान गई थी। हाल ही में 8 दिसंबर को एक स्कूल बस के पलटने से यहां तीन बच्चों की जान गई थी। यह मार्ग 15 खतरनाक मोड़ों और 5 संकरी पुलियों के चलते बेहद जोखिम भरा है। उपमुख्यमंत्री के दौरे के बाद क्षेत्र में नई आस जगी है और लोगों को उम्मीद है कि देसूरी की नाल का जल्द सुधार होगा।

# पीएम मोदी की जनसभा की तैयारीयां जोरों पर

## पूर्व विधायक कुमावत ने क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की मीटिंग कर किया आह्वान

**चमकता राजस्थान**



**फुलेरा (दामोदर कुमावत)।** फुलेरा विधानसभा क्षेत्र भाजपा के समस्त मंडल अध्यक्षों,पदाधिकारियों व वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं की मीटिंग रविवार को विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं ओबीसी के राष्ट्रीय मंत्री निर्मल कुमावत तथा संभाग सह प्रभारी संजीव भारद्वाज के सानिध्य में विधायक आवास पर आयोजित की गई जिसमें आगामी 17 दिसंबर 2024 को राजस्थान प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ के कुशल नेतृत्व में राजस्थान सरकार के निर्णायक तथा सफलतम एक वर्ष पूर्ण होने पर देश केप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 17 दिसम्बर को प्रस्तावित जयपुर में विशाल जनसभा हेतु सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की व्यवस्था को लेकर विचार विमर्श किया गया तथा सभी पदाधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में जयपुर प्रस्थान हेतू कार्यों का विभाजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय मंत्री ओबीसी मोर्चा एव विधायक निर्मल कुमावत, संभाग सह प्रभारी संजीव भारद्वाज ने पत्रकारों से रूबरू होकर कहा कि राजस्थान में हमारे मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में विकासशील भाजपा की सरकार के सफलतम एक वर्ष पूर्ण होने पर, राज्य के युवाओं को रोजगार देने के साथ 17 दिसंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर क्षेत्र केअधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को जनसभा में सम्मिलित होने का आह्वान किया इस मौके पर पूर्व विधायक ने भी उपस्थित कार्यकर्ताओं को आ''ान किया। इस अवसर पर जयपुर ग्रामीण दक्षिण जिला महामंत्री अजयपाल सिंह नाथावत, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र डांगरा, नटवर पारीक, प्रणव कयाल, लक्ष्मीकांत तोतला, बाबूलाल यादव, नन्दसिंह मनोहर, देवकरण गुर्जर, हृदय सुमन शर्मा, बालकिशन जांगिड़, वर्धमानकाला, संजय पारीक, बद्रीनारायण शर्मा, महावीर जैन, गजेंद्र सिंह शेखावत,सुरेश मिश्रा, रतन राजोरा,सुरेश कुमार सैनी, हरीश कुमावत, राजेंद्र कुमावत, यतेंद्र झाकड़ा,मदन गढ़वाल, पूजा भाटी,जितेंद्र वर्मा, श्रवण वर्मा, त्रिलोक चंद भाटी, धर्मेंद्र सैनी, संजय वार्ष्णेय, मुकेश गेनोलिया सहित सैकड़ों वरिष्ठ एवं प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तप जप संगठन की बैठक में बट्स एक्ट 2019 के तहत आवेदन जमा करने को लेकर हुई चर्चा



**चमकता राजस्थान। करौली।** करौली तप जप संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें बट्स एक्ट 2019 के तहत जिला कलेक्टर और थाना स्तर पर आवेदन जमा करने के संबंध में चर्चा की गई। इस अवसर पर संगठन के सभी सदस्य एकजुट होकर अपने-अपने क्षेत्र में थाना स्तर पर भुगतान पटेल खुलवाने का प्रयास करेंगे। बैठक में राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष एमपी शर्मा, मनोज राजपुरोहित (एडवोकेट), भारत कुमावत (एडवोकेट), करौली जिला अध्यक्ष छोटेलाल, जिला अध्यक्ष समय सिंह, रतिराम, चित्तौड़ जिला अध्यक्ष दिलीप राणा, उदयपुर जिला अध्यक्ष बंशीलाल मीणा, धौलपुर से विशाल कुशवाहा और लालसोट से मूलचंद साहब तथा मदनलाल आजाद भी उपस्थित रहे। बैठक में सभी ने शपथ ली कि वे एकजुट होकर अधिक से अधिक संख्या में भुगतान पोटल खुलवाने का प्रयास करेंगे। इस बैठक के बाद करौली में अगली मीटिंग आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी सदस्यों को आगामी आदेश के अनुसार सूचित किया जाएगा। साथ ही, ठगी पीड़ित साथी राजेंद्र कुमार सेन (अलवर जिला अध्यक्ष) ने सभी को धन्यवाद दिया।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर प्रदेश पदाधिकारी और व्यवस्था संयोजकों की बैठक का हुआ आयोजन

## कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए निरंतर बैठकें की जा रही है आयोजित, आगामी तैयारियों को लेकर व्यवस्था टोलियो का कार्य विभाजन कर दिये दिशा-निर्देश : राजेंद्र राठौड़

**चमकता राजस्थान**



जयपुर। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर प्रदेश भाजपा कार्यालय पर बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, संगठन के पदाधिकारी और संबधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत हेतु राजस्थान के कोने -कोने से लाभार्थी और कार्यकर्त्ता पधार रहे है। कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान करने के लिये अलग-अलग कार्यो की जिम्मेदारी अलग-अलग पदाधिकारियों को दी गई है। पिछले कई दिनों से कार्यकर्त्ता उत्साहित होकर तैयारियों में लगे हुए है। हमारे लिये यह गर्व की बात है कि भाजपा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राजस्थानवासियों को विभिन्न सौगातें मिलेगी।

कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र राठौड़ ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन कार्यक्रम की तैयारियों के निमित संगठन के पदाधिकारी और व्यवस्था के निमित लगाये गये पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक में आगामी रूप रेखा निश्चित कर से सुझाव मांगे गये और व्यवस्था टोलियो को कार्यो का विभाजन कर मार्गदर्शित किया ।

पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अरूण चतुर्वेदी ने बताया कि भाजपा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर

### ● भाजपा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पधारना राजस्थान वासियों के लिए गौरव की बात : अरूण चतुर्वेदी

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पधारना राजस्थान वासियों के लिए गौरव की बात है। देश के प्रधानमंत्री राजस्थान के लिए कई सौगातों की घोषणा भी करेंगे। प्रधान सेवक नरेंद्र मोदी के स्वागत का कार्यक्रम भव्य होना चाहिए और राजस्थान के कोने-कोने से पधार रहे लाभार्थियों और आमजन को किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े इस हेतु सभी पहलुओं का ध्यान रखते हुए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है । इस निमित पांडल व्यवस्था, जल व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था,वाहन व्यवस्था, भोजन व्यवस्था आदि की जिम्मेदारी सम्भाल रहे पदाधिकारियों से सुझाव लिए और कार्य योजना बनाकर अपनी जिम्मेदारीपूर्ण पूरी करने के किए मार्गदर्शित किया ।

बैठक में प्रदेश महामंत्री एवं विधायक जितेंद्र गोठवाल, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, प्रदेश मंत्री वासुदेव चावला, मिथलेश गौतम कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, सह-प्रभारी भवानी शंकर शर्मा, और रजनीश चनाना, उप महापौर पुर्नीत करनावट सहित प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929